

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 70 बुधवार 22 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल षष्ठी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 10+2 मूल्य : 05 रूपया



## 'हम बाबरी मस्जिद नहीं बनने देंगे', बंगाल में अमित शाह ने बताया कौन होगा राज्य का अगला मुख्यमंत्री

**एजेंसी समाचार**

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में चुनावी जनसभाओं के दौरान ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार आने पर बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी जाएगी। देश को घुसपैठियों से मुक्त किया जाएगा। शाह ने ये भी बताया कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सियासी पारा अपने चरम पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में चुनावी बिगुल फूंकते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला है। चंडीपुर और सालबोनी की जनसभाओं में शाह ने स्पष्ट संदेश दिया कि भाजपा बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म करेगी और राज्य की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करेगी।

अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार आने वाली है और वे बंगाल की धरती पर बाबरी मस्जिद जैसी किसी भी परियोजना को सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने अयोध्या के राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि जहां कभी बाबरी मस्जिद थी, वहां अब भव्य राम मंदिर बन चुका है।



शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के करीबी नेता राज्य में सांप्रदायिक एजेंडे को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन भाजपा इसे रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने साफ कहा कि बंगाल की धरती पर आस्था और परंपराओं के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

गृह मंत्री ने देश की सुरक्षा का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ने भारत को आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त कराया है। अब भाजपा का अगला बड़ा लक्ष्य पूरे देश को घुसपैठियों से मुक्त करना है। शाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि बंगाल की खाड़ी से लेकर हिंद महासागर और अरब सागर तक, घुसपैठियों के लिए कहीं भी कोई जगह नहीं छोड़ी जाएगी।

उन्होंने इस चुनाव को केवल विधायक बनाने का चुनाव नहीं, बल्कि बंगाल को घुसपैठियों के चंगुल से आजाद कराने की लड़ाई बताया। शाह ने वादा किया कि भाजपा की सरकार आने पर सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ पर पूरी तरह लगाम लगाई जाएगी।

महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर ममता सरकार को घेरते हुए अमित शाह ने कहा कि आज बंगाल में बहनें सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने वादा किया कि भाजपा सरकार आने पर कानून का राज होगा और रात के 1 बजे भी कोई छोटी बच्ची बेखौफ होकर बाहर निकल सकेगी।

आर्थिक सहायता की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर बंगाल की बहनों के खातों में हर महीने 3 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य के बेरोजगार युवाओं को भी संबल देने के लिए हर महीने 3 हजार रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने जानबूझकर महिला आरक्षण बिल को विफल करने की कोशिश की है। अमित शाह ने बाहरी के मुद्दे पर पलटवार करते हुए कहा कि बंगाल का अगला मुख्यमंत्री कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि बंगाल की मिट्टी में जन्मा और पला-बढ़ा भाजपा का एक सच्चा कार्यकर्ता होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह ममता बनर्जी का भाइपो ( हिंदी में भतीजा) तो बिल्कुल नहीं होगा। उन्होंने कार्यकताओं को भरोसा दिया कि स्थानीय नेतृत्व ही राज्य की कमान संभालेगा। आपको बता दें कि बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि वोटों की गिनती 4 मई को की जाएगी। शाह ने विश्वास जताया कि इस बार जनता परिवर्तन के लिए मतदान करेगी।

## 'शानदार समझौते के साथ होगा अंत'

### शांति वार्ता पर बोले ट्रंप; संघर्षविराम बढ़ाने से किया इनकार

**वॉशिंगटन।** दुनिया भर की निगाहें इस समय अमेरिका और ईरान के बीच मंडरा रहे युद्ध के बादलों पर टिकी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस तनावपूर्ण माहौल में अपनी स्थिति साफ कर दी है कि शांति की समय सीमा अब समाप्त हो चुकी है। ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि 22 अप्रैल की आधी रात के बाद वह किसी भी कीमत पर संघर्षविराम को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कूटनीति के लिए अब और समय देना मुमकिन नहीं है। ट्रंप ने कहा कि हमारे पास इतना समय नहीं है। समय सीमा 22 अप्रैल है और मैं संघर्षविराम को बढ़ाना नहीं चाहता।

जब उनसे पूछा गया कि क्या समझौता न होने पर वह फिर से सैन्य कार्रवाई करेंगे, तो ट्रंप ने बिना झिझक कहा कि वह बमबारी की उम्मीद कर रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि इसी रवैये के साथ आगे बढ़ना बेहतर है। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका इस समय वार्ता में बहुत मजबूत स्थिति में है और वह वह काम कर रहे हैं जो पिछले 47 वर्षों में किसी राष्ट्रपति ने नहीं किया।

इस युद्ध को रोकने के लिए पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दूसरे दौर की सीधी वार्ता प्रस्तावित थी, लेकिन इसकी सफलता पर अब संकट के



बादल मंडरा रहे हैं। ट्रंप ने द न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और सलाहकार जेरेड कुश्नर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के लिए रवाना हो चुका है, लेकिन उनके वहां पहुंचने को लेकर विरोधाभासी खबरें सामने आ रही हैं। दूसरी ओर, ईरान ने अभी तक यह पुष्टि नहीं की है कि वह अपना प्रतिनिधिमंडल भेजेगा या नहीं। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ ने दोटूक कहा है कि उनका देश धमकियों के साये में कोई बातचीत स्वीकार नहीं करेगा।

दोनों देशों के बीच पिछले कुछ घंटों में आरोपों का दौर तेज हो गया है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर दावा किया कि ईरान ने कई बार संघर्षविराम की शर्तों का उल्लंघन किया है। वहीं, ईरान ने अमेरिका पर 'सशस्त्र डकैती' का आरोप लगाया है। यह विवाद तब बढ़ा जब अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी झंडे वाले एक मालवाहक जहाज पर गोलाबारी की। अमेरिका का कहना है कि वह जहाज नौसैनिक नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जबकि ईरान इसे संघर्षविराम का उल्लंघन बता रहा है। ईरान के मेजर जनरल अब्दुल्लाही ने तो ट्रंप को "भ्रमित" बताते हुए यहाँ तक कह दिया कि ईरानी सेना ने इस्राइल और अमेरिका को संघर्षविराम की भीख मांगने पर मजबूर कर दिया है।

ट्रंप जहां एक ओर युद्ध जीतने का दावा कर रहे हैं और अमेरिकी सेना की तारीफ कर रहे हैं, वहीं ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ को लेकर चेतावनी दी है।

## खरगे ने पीएम मोदी को बताया 'आतंकवादी'

### पहली बार नहीं बिगड़े बोल, कभी जहरीला सांप तो कभी बताया झूठों का सरदार

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपनी एक कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवादों के केंद्र में हैं। दरअसल एक रैली में उन्होंने पहले पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से कर दी। इसे लेकर भाजपा के नेता संबित पात्रा ने खरगे और कांग्रेस की आलोचना की है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का एक बयान इस वक्त देशभर में सुर्खियों में है। दरअसल, खरगे ने एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उन्होंने पीएम मोदी की तुलना आतंकवादी से कर दी। उन्होंने तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि एआईएडीएमके वाले पीएम मोदी से कैसे जुड़ सकते हैं। वे तो 'आतंकवादी' हैं।

खरगे की इस टिप्पणी के बाद के जब विवाद शुरू हुआ तो कांग्रेस अध्यक्ष ने अपना बचाव करते हुए कहा कि मैंने यह कभी नहीं कहा कि प्रधानमंत्री एक आतंकवादी हैं। मेरे कहने का मतलब यह था कि वह लोगों और राजनीतिक दलों को डराने-धमकाने का काम करते हैं। खरगे ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा धमकियां देते हैं और उनके आचरण से राजनीतिक गलियारों में डर पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाना था, न कि उन पर कोई व्यक्तिगत हमला करना।

खरगे ने प्रधानमंत्री को पहले बता दिया 'आतंकी', बवाल हुआ तो सफाई में कहा- वो डराते हैं

चौंकाने वाली बात यह है कि खरगे ने इस मामले में भले ही सफाई दे दी हो, लेकिन अब तक के इतिहास में वे कई बार पीएम मोदी को लेकर विवादित टिप्पणियों के चलते वे घिर चुके हैं। अगर कुछ पुराने बयानों को



उठा लिया जाए तो खरगे ने कभी पीएम की तुलना जहरीले सांप से की है तो कभी उन्हें झूठों का सरदार तक कह दिया। आइये जानते हैं उनके ऐसे ही पुराने बयान...

गुजरात चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान खरगे ने पीएम मोदी को लेकर विवादास्पद टिप्पणी की थी। उन्होंने अहमदाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि पीएम मोदी हर चुनावों में लोगों को अपना चेहरा दिखाकर वोट मांगते हैं। आपके कितने चेहरे हैं, क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं?

खरगे के इस बयान के बाद भाजपा हमलावर हो गई और इसे प्रधानमंत्री मोदी और गुजरातियों का अपमान बताया। हालांकि, तब भी खरगे ने खुद ही इस बयान पर सफाई जारी की थी और कहा था कि मेरे पास 51 साल का संसदीय राजनीतिक अनुभव है। इसलिए मैं किसी व्यक्ति विशेष पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता। मैंने विकास, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी के मुद्दों पर भाजपा सरकार की आलोचना की है।

मल्लिकार्जुन खरगे ने चीन से जारी सीमा विवाद को लेकर राज्यसभा में भाजपा और पीएम मोदी को घेरा था। उन्होंने कहा था कि संसद में चीन का मुद्दा उठाया है और सीमा की स्थिति पर चर्चा चाहते हैं, लेकिन भाजपा सरकार इसके लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा, "वे बाहर शेर की तरह बात करते हैं, लेकिन अगर आप देखेंगे तो उनकी हरकतें चूहे की तरह हैं। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर चर्चा की जाए और नोटिस दिया जाए, लेकिन वे अभी भी संसद में चर्चा के लिए तैयार नहीं हैं।"

इतना ही नहीं खरगे ने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा था कि क्या आपका एक कुत्ता भी देश के लिए मरा है, फिर भी वे देशभक्त होने का दावा करते हैं और अगर हम कुछ कहते हैं तो हमें देशद्रोही करार दिया जाता है।

कुछ इसी तरह खरगे ने 2023 में पीएम मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पहले पीएम मोदी को अच्छा इंसान बताया और फिर उनकी भाषा अभद्र होती चली गई।

## तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार सवार की मौत, परिवार में कोहराम

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**



**मसवासी, रामपुर।** खटीमा-पानीपत फोरलेन मार्ग पर मंगलवार को एक हादसे में कार सवार युवक की मौत हो गई। कार का टायर पंचर होने पर स्टेपनी बदल रहे युवक को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। जनपद मुजफ्फरनगर के थाना पुरकाजी क्षेत्र के ग्राम फलौदा निवासी नितिन कुमार त्यागी पुत्र अशोक त्यागी अपनी पत्नी और बच्चे के साथ उत्तराखंड के हल्द्वानी जा रहे थे। पट्टी कला के पास फोरलेन मार्ग पर उनकी कार का टायर अचानक पंचर हो गया।

बताया जाता है कि नितिन कार को सड़क किनारे खड़ा कर स्टेपनी बदलने लगे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नितिन गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल काशीपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए, जहां पत्नी और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर मोर्चरी भिजवा दिया है। वहीं, अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## हीटवेव का अलर्ट जारी: छाता, गमछा व पानी लेकर निकलें बाहर, चार दिन लू की चेतावनी

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्धनगर जिला प्रशासन ने हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। साथ ही बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। लोगों से अपील की है कि आने वाले दिनों में हीटवेव की संभावना है। ऐसे में घर से छाता, गमछा व पानी लेकर निकलें। तरल व पेय पदार्थ का इस्तेमाल अधिक मात्रा में करें। साथ ही प्रशासन ने लोगों से दोपहर 12 से 3:30 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की अपील की है। चेतावनी दी है कि अगले चार दिन लू चलेगी।

अफसरों ने बताया कि मौसम विभाग की तरफ से हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है। तापमान 40 डिग्री तक




पहुंच गया है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतनी होगी। गर्मी से बचाव करना होगा। घर से बाहर निकलने रहे हैं तो साथ में जरूरी सामान रखना होगा। केवल जरूरत पर ही घर से निकलें। बाहरी चीजों का सेवन करने से बचना होगा। अगर किसी तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होती है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लेनी होगी।

मौसम विभाग ने 25 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी जारी की है।

## केसी वेणुगोपाल ने ओम बिरला को लिखा पत्र, पीएम मोदी के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने पीएम मोदी के खिलाफ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को प्रिविलेज नोटिस दिया। आरोप है कि 18 अप्रैल के राष्ट्र संबोधन में पीएम ने सांसदों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे संसद की गरिमा आहत हुई। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया, खासकर 131वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा के बाद। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को विशेषाधिकार हनन (प्रिविलेज नोटिस) दिया है। अपने पत्र में वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने 18 अप्रैल 2026 को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लोकसभा के सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उनके इरादों पर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना है कि यह संसद की गरिमा और सांसदों के अधिकारों का उल्लंघन है। बता दें कि पीएम मोदी का यह संबोधन उस समय हुआ जब लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस का आरोप है कि इस भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्षी सांसदों के मतदान और उनकी मंशा को लेकर सीधे तौर पर टिप्पणियां कीं।

## जन आक्रोश पदयात्रा: महिला अधिकारों के लिए सड़क पर उतरे सीएम योगी

### बोले- विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा उजागर

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ। नारी** शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के विरोध में मंगलवार को राजधानी लखनऊ ऐतिहासिक जनाक्रोश का साक्षी बना, जब महिला अधिकार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सड़क पर उतरे। उनके नेतृत्व में हजारों महिलाओं का हुजूम मुख्यमंत्री आवास से सिविल हॉस्पिटल होते हुए विधान भवन तक उमड़ पड़ा। इस जनाक्रोश पदयात्रा में सीएम योगी के साथ पूरा मंत्रिमंडल सड़क पर उतरा दिखाई दिया। यह कोई साधारण पदयात्रा या रैली नहीं थी, यह नारी सम्मान और उसके संवैधानिक अधिकारों पर हुए हमले का सीधा और बेहद तीखा



जवाब था।

विधान भवन के सामने महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को विधानसभाओं एवं लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किंतु कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके अलोकतांत्रिक और महिला-विरोधी चेहरे को उजागर करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इन दलों को अपनी नकारात्मक छवि सुधारने का अवसर दिया गया था, किंतु इन्होंने उसका दुरुपयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया।

# सिपाही की पत्नी पर अभद्र टिप्पणी हटाए गए प्रेमनगर इंस्पेक्टर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सिपाही की गर्भवती पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना प्रेमनगर इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव को भारी पड़ गया। मामले की जानकारी मिलते ही एसएसपी अनुराग आर्य ने सख्त रुख अपनाया और तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके पद से हटा दिया गया।

### ड्यूटी के दौरान हुआ विवाद, थाने में गूंजे आपत्तिजनक शब्द

जानकारी के मुताबिक 16 अप्रैल की रात सिपाही सीसीटीएनएस ड्यूटी पर था। इसी दौरान इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव ने उसे बुलाकर सौंपे गए कार्य के बारे में पूछताछ की। सिपाही ने काम करने की बात कही, लेकिन इसी बीच इंस्पेक्टर का पारा चढ़ गया और उन्होंने सिपाही की गर्भवती पत्नी को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी। यह सब कुछ थाने के अन्य पुलिसकर्मियों के सामने हुआ, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया।

सार्वजनिक रूप से हुई इस टिप्पणी से आहत सिपाही ने पूरा मामला थाना रजिस्टर में दर्ज कराया। शिकायत जैसे ही एसएसपी अनुराग आर्य तक पहुंची, उन्होंने बिना देर किए कार्रवाई की। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव से तत्काल चार्ज छीन लिया गया और उन्हें प्रेमनगर थाने का ही इंस्पेक्टर क्राइम बना दिया गया।

### महिला सशक्तीकरण का संदेश, एएसपी अंजना दहिया को सौंपी कमान

इस पूरे घटनाक्रम के बीच पुलिस विभाग ने एक सख्त संदेश देने की कोशिश की है। प्रेमनगर थाने की जिम्मेदारी अब एएसपी अंजना दहिया को सौंपी गई है। यह कदम न केवल अनुशासन बनाए रखने बल्कि महिला सम्मान और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के तौर पर भी देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिस महिला को लेकर टिप्पणी की गई, वह खुद पुलिस विभाग में तैनात हैं और इन दिनों मातृत्व अवकाश पर हैं। घटना के बाद पुलिस महकमे में चर्चा तेज है और इस कार्रवाई को एक उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है।

# बरेली को मिला 1090 करोड़ का सुपर डोज,

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए नगर निगम ने 1090 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक बजट सर्वसम्मति से पास कर दिया। मंगलवार को महापौर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव बिना किसी विरोध के मंजूर हुआ। इसे शहर के लिए अब तक का सबसे बड़ा और संतुलित बजट माना जा रहा है, जिसमें बुनियादी सुविधाओं से लेकर सौंदर्यीकरण तक पर खास जोर दिया गया है।

इस बजट में शहर की सड़कों के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, शहर को जगमग करने के लिए 30 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना को मंजूरी मिली है। करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से हर वार्ड में 300 से अधिक लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे अंधेरे वाले क्षेत्रों में सुरक्षा और आवाजाही दोनों बेहतर होगी। इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके जरिए हर घर से नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जा सके।

### हर गली तक पानी और सीवर का लक्ष्य

नगर निगम ने पेयजल और सीवर लाइन को हर गली तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त राशि भी खर्च की जाएगी, ताकि जलभराव और पेयजल संकट जैसी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके। वहीं शहर को हरित और सुंदर बनाने के लिए 330 पार्कों के सौंदर्यीकरण पर 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, ग्रीन बरेली और मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत 40 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है, जिससे शहर की सूरत बदलने की तैयारी है।

### सीबीगंज में जल्द शुरू होगी नंदीशाला

बैठक में तय किया गया कि सीबीगंज क्षेत्र में दो माह के भीतर नंदीशाला का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए दो एजेंसियों का चयन किया गया है, जो नसबंदी अभियान चलाएंगी। बंदरों की समस्या के समाधान के लिए वन विभाग भी अभियान चलाएगा। नगर निगम ने अपनी आय बढ़ाने के लिए भी बड़ा लक्ष्य तय किया है। अब 600 करोड़ के मुकाबले 750 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया है, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

### महापौर का दावा, धरातल पर दिखेगा बदलाव

महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि यह बजट शहर के हर क्षेत्र को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। लक्ष्य सिर्फ बजट पास करना नहीं, बल्कि उसे जमीन पर उतारना है। हर वार्ड में सड़क, पानी, सीवर और रोशनी की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी, ताकि बरेली को स्मार्ट और व्यवस्थित शहर बनाया जा सके। बैठक में नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी समेत कई अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

# 8 इंस्पेक्टर, 106 दरोगाओं के तबादले

## कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने को बड़ा कदम, कई पुलिसकर्मी लाइनहाजिर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** कानून-व्यवस्था को कसने और पुलिसिंग में नई धार लाने के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने बड़ा दांव चला है। एक झटके में 8 इंस्पेक्टर और 106 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए। साथ ही भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई करते हुए कई पुलिसकर्मियों को लाइनहाजिर कर दिया गया है।

तबादलों में वरुण कुमार को क्योलड़िया, सुरेंद्र कुमार को सुभाषनगर, लव सिरोही को नवाबगंज, राजबली को भोजीपुरा और नरेश कश्यप को विशारतगंज में इंस्पेक्टर क्राइम बनाया गया है। वहीं जसवीर बालियान को सीओ तृतीय, विपिन कुमार को सीओ मीरगंज और राजेश कुमार को सीओ हाईवे कार्यालय भेजा गया है। इस बदलाव से कई थानों की कार्यशैली में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

### थानों में नई तैनाती, एसएसआई की जिम्मेदारियां बदलीं

एसएसआई स्तर पर भी बड़े बदलाव किए गए हैं। श्रीनिवास को मीरगंज, सतीश कुमार को शाही, वीर सिंह को कोतवाली, धर्मेंद्र विश्नोई को इज्जतनगर, जितेंद्र कुमार को सीबीगंज, विपिन कुमार को देवरनियां और नवदीप कुमार को सुभाषनगर की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश कुमार को महिला थाना, श्रीपाल को सिरौली, कृपाल को भुता, आनंद प्रकाश को बिथरी चैनपुर, उमेश चंद्र को बहेड़ी, धर्मेंद्र को शीशगढ़ और सुनील कुमार को फरीदपुर का एसएसआई बनाया गया है।

### चौकी प्रभारियों की भी जमकर अदला-बदली

चौकी स्तर पर भी बड़े पैमाने पर फेरबदल हुआ है। जाकिर अली को गढ़ी चौकी, मयंक भारद्वाज को सेटेलाइट चौकी, दयानंद शर्मा को फरीदपुर, मुनेंद्र सिंह को जगतपुर, कुशलपाल को जोगी नवादा और अमित कुमार को शाही थाना भेजा गया है। विजयपाल को कैंट, पवन कुमार को धौराटांडा, राहुल शर्मा को रिठौरा, वैभव गुप्ता को स्टेशन चौकी और गौरव अत्री को देवरनिया चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। सौरभ यादव को क्योलड़िया, अक्षय त्यागी को सद्भावना प्रेमनगर और वीरेश को नवाबपुरा सिरौली चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

### महिला थाना से लेकर देहात तक नई पोस्टिंग


पूजा गोस्वामी को थाना भमोरा, आदेश कुमार को फतेहगंज पश्चिमी चौकी, अनूप सिंह को कुतुबखाना, राजीव शर्मा को चौराहा कोतवाली, नितिन राणा को रुहेलखंड और प्रमोद को कानूनगोयान चौकी भेजा गया है। नितेश चौधरी को कुंडरा कोठी, चेतन सिंह को सीबीगंज थाना, बॉबी कुमार को कस्बा बहेड़ी, त्रिवेंद्र कुमार को लाल फाटक और नवनीत को बैरियर वन इज्जतनगर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। सेटेलाइट चौकी प्रभारी विनय बहादुर को हटाकर भोजीपुरा थाना भेज दिया गया है। उनकी जगह मयंक भारद्वाज को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह कार्रवाई हाल ही में एक नशेड़ी से विवाद के बाद सामने आई थी।

### वसूली में फंसे किला चौकी प्रभारी लाइनहाजिर

खनन से जुड़े वाहनों से वसूली के आरोप में किला चौकी प्रभारी प्रणव श्रोतिया को जांच में दोषी पाए जाने पर लाइनहाजिर कर दिया गया है। उनके साथ दो सिपाहियों पर भी कार्रवाई हुई है। इसके अलावा भोजीपुरा के दरोगा संदेश यादव और नरायणनगला चौकी बहेड़ी के प्रभारी राजेश कुमार सिंह को भी लाइन भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य की इस कार्रवाई को पुलिस महकमे में सख्त संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। साफ है कि अब फील्ड में ढिलाई या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं होगी, जबकि सक्रिय और जवाबदेह पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी।

# चौकी से यारी, फर्जी वर्दी में रौब वीडियो वायरल होते ही हसन गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में पुलिस से नजदीकियां बनाकर खुद को 'सिपाही' बताने वाला एक शातिर जालसाज आखिरकार कानून के शिकंजे में आ गया। फर्जी वर्दी पहनकर इलाके में धौंस जमाने वाले आरोपी हसन खान की करतूत तब उजागर हुई, जब उसका अभद्र वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद हिन्दू संगठनों के दबाव और अफसरों की सख्ती ने पुलिस को कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया।

आरोपी हसन खान कंजादास गांव का रहने वाला है और बैरियर-1 चौकी क्षेत्र में अक्सर पुलिसकर्मियों के बीच नजर आता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उसकी पुलिस से इतनी नजदीकी थी कि लोग उसे असली सिपाही समझ बैठते थे। चर्चा है कि वह कई बार खुद को एसओजी का सदस्य बताकर लोगों पर रौब झाड़ता था। चौकी पुलिस के साथ उसकी 'सेटिंग' लंबे समय से चल रही थी।

### शादी में की अभद्रता, वीडियो बना सबूत

रविवार रात हसन खान ने हद पार कर दी। एक शादी समारोह में डांस कर रहीं दूसरे समुदाय की महिलाओं पर उसने अभद्र टिप्पणियां कीं। इतना ही नहीं, कार चलाते हुए उसने खुद ही इसका वीडियो बनाया और अपमानजनक बातें रिकॉर्ड करता रहा। वीडियो में एक दरोगा के सामने भी वह बेफिक्र नजर आया और याराना अंदाज में वहां से निकल गया। वीडियो वायरल होते ही हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल गया। हिन्दू जागरण मंच के यूथ लीडर हिमांशु पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा कर कार्रवाई की मांग उठाई। मामला तूल पकड़ते ही अफसरों ने सख्त रुख अपनाया और तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए।

### पुलिस ने ही पहुंचाया सलाखों के पीछे

अफसरों के निर्देश मिलते ही वही पुलिस हरकत में आई, जिससे आरोपी की नजदीकियां थीं। आनन-फानन में टीम ने हसन खान को तलाश कर थाने लाकर गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और फर्जी वर्दी पहनकर खुद को पुलिसकर्मी बताने का केस दर्ज किया गया है। सीओ थर्ड पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह फर्जी तरीके से पुलिस वर्दी पहनकर खुद को सिपाही बताता था। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने कसी कमान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आगामी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने संयुक्त रूप से तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।



रविन्द्रालय में हुई अहम समीक्षा बैठक रविन्द्रालय, रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित जनपद स्तरीय बैठक में परीक्षा संचालन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्र, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान समेत सभी क्षेत्राधिकारी और परीक्षा केंद्रों के सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने, परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने, यातायात संचालन को सुचारु बनाए रखने और निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए और किसी भी तरह की लापरवाही न हो।

डीएम और एसएसपी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी माहौल में संपन्न कराई जा सके।

# 10 हजार रिश्वत लेते बीएसए दफ्तर के दो कर्मी गिरफ्तार, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शिक्षा विभाग के अंदर चल रहे खेल का पर्दाफाश हो गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात दो कर्मचारियों को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई होते ही दफ्तर में अफरा-तफरी मच गई और पूरे विभाग में हड़कंप फैल गया।

मामला एक महिला शिक्षिका से जुड़ा है। कम्पोजिट स्कूल चौना बुजुर्ग में तैनात सहायक अध्यापिका रेनू शुक्ला से उसकी अनुपस्थिति से जुड़ी फाइल को निपटाने के नाम पर रिश्वत मांगी जा रही थी। बार-बार पैसे की मांग से परेशान होकर शिक्षिका ने सीधे भ्रष्टाचार निवारण संगठन से शिकायत कर दी, जिसके बाद पूरी कहानी पलट गई।

### जाल बिछा, नोट लगे और फिर हुआ खेल खत्म

शिकायत मिलते ही एंटी करप्शन टीम हरकत में आई। इंस्पेक्टर इश्तियाक वारसी के नेतृत्व में टीम ने प्लानिंग के तहत जाल बिछाया। सोमवार शाम करीब 5:45 बजे जैसे ही दोनों आरोपी रिश्वत की रकम लेते हुए पकड़े गए, टीम ने मौके पर ही दबिश देकर उन्हें धर दबोचा। नोट भी मौके से बरामद कर लिए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निश्चय सिंह (जिला समन्वयक कार्यालय,) और अरुण कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर, आउटसोर्सिंग) के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से दफ्तर में काम कर रहे थे और आरोप है कि फाइलों के नाम पर वसूली का खेल चला रहे थे।

### थाने में मुकदमा दर्ज, अब नहीं बच पाएंगे

कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर बाजार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एंटी करप्शन टीम अब आगे की कार्रवाई में जुटी है और इस पूरे नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई को प्रदेश में चल रही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का सख्त संदेश माना जा रहा है। साफ है कि अब घूसखोरी करने वालों की खैर नहीं–किसी भी कीमत पर उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला की हत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित वैष्णो धाम कॉलोनी में मंगलवार को दिनदहाड़े महिला की हत्या से सनसनी फैल गई। घर में अकेली महिला को निशाना बनाकर बदमाश ने गला दबाकर उसकी जान ले ली। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन उसकी हरकतें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं, जिससे पुलिस को अहम सुराग मिला है। दोपहर में जब भांजी शीतल यादव बच्चों को स्कूल से लेकर घर पहुंची तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर उसने गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया, जहां गीता यादव (40) का शव जमीन पर पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर वह बदहवास हो गई और तुरंत परिजनों व पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना सुभाषनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान सामने आया कि एक संदिग्ध युवक छाता और बैग लेकर घर में दाखिल हुआ था। सीसीटीवी फुटेज में उसकी गतिविधियां साफ दिखाई दे रही हैं। पुलिस अब इसी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

मृतका के पति भारत सिंह यादव सेना में हैं और इस समय पंजाब के फिरोजपुर में तैनात हैं। गीता अपने दो बेटों के साथ बरेली में रहती थीं। घटना के वक्त दोनों बच्चे स्कूल में थे। मां की हत्या की खबर मिलते ही बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस की टीमें सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से आरोपी की तलाश में जुटी हैं और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा किया जा रहा है।

# पालतू कुत्ते को जहर देकर युवक ने दी जान, बंद कमरे में मिले दोनों के शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने किराए के मकान में बंद कमरे के भीतर सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। हैरानी की बात यह रही कि उसने अपने पालतू कुत्ते को भी जहर देकर मार डाला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम के मुताबिक धीरज चंदन ने शाम करीब सवा पांच बजे सूचना दी कि उनका मौसेरा भाई निखिल अरोरा (33) डेलापीर में किराए के मकान में रहता था। वह रोजाना उनके घर खाना खाने आता था, लेकिन उस दिन न आने और फोन न उठाने पर परिजन उसके कमरे पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था और काफी आवाज देने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल सौरव कुमार ने वीडियो बनाते हुए दरवाजा तोड़ा, जहां अंदर निखिल मृत अवस्था में पड़ा मिला।

### कमरे से मिले सल्फास के सुराग, छाछ में जहर मिलाने की आशंका

पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुलाकर जांच शुरू की। कमरे की तलाशी में छाछ के दो सील पैकेट, एक खाली पैकेट और सल्फास की खाली डिब्बी बरामद हुई। पास में ही युवक का पालतू कुत्ता भी मृत मिला। शुरुआती जांच में सामने आया है कि निखिल ने छाछ में सल्फास मिलाकर खुद सेवन किया और कुत्ते को भी वही पिला दिया।

### कुत्ते से था गहरा लगाव, उसी के लिए उठाया खौफनाक कदम

पड़ोसियों के अनुसार निखिल अपने पालतू कुत्ते से बेहद लगाव रखता था। आशंका जताई जा रही है कि अपनी मौत के बाद कुत्ते के भविष्य को लेकर चिंतित होकर उसने उसे भी जहर दे दिया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अलनिशा रेस्टोरेंट के खाने में फंगस लगे काजू

- बीएल एग्रो का तेल-रिफाइंड भी जांच में फेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में मिलावटखोरी के खिलाफ एफएसडीए की कार्रवाई से हड़कंप मच गया। टीम ने ठिरिया में अलनिशा रेस्टोरेंट समेत कई जगहों पर छापेमारी कर पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, कुट्टू व सिंघाड़े का आटा, मूंगफली, कत्था, दूध और घी के नमूने भरे। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल रहा।



मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि कैंट क्षेत्र के ठिरिया निजावत रोड स्थित अलनिशा रेस्टोरेंट में फंगस लगे काजू को खाने के ऊपर लगाने की शिकायत पर टीम ने छापा मारा। मौके पर किचन का निरीक्षण किया गया और काजू का सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अलनिशा रेस्टोरेंट के मालिक इमरान रजा खान ने बताया कि खाद्य विभाग की टीम आई थी, नियमित जांच के तहत सैंपल लिए गए हैं, हम पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं।

परसाखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बीएल एग्रो से लिए गए नमूनों ने चौंकाया है। फोर्टिफाइड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और सरसों तेल की गुणवत्ता जांच में गड़बड़ी मिली है। कहीं सैपोनिफिकेशन वैल्यू कम तो कहीं ज्यादा पाई गई, जबकि कच्ची घानी सरसों तेल भी तय मानकों पर खरा नहीं उतरा। हालांकि कुछ उत्पाद सही पाए गए, लेकिन बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आई है।

नकटिया और विशारतगंज के किराना स्टोरों से लिए गए कुट्टू के आटे के नमूनों में सिंघाड़े के आटे की मिलावट पाई गई। जांच रिपोर्ट के बाद इन्हें अधोमानक घोषित किया गया है। मीरगंज के श्याम किराना स्टोर से लिए गए मूंगफली के दानों में फंगस मिला, जिससे इसे असुरक्षित घोषित किया गया। वहीं भुता क्षेत्र की शारदा इंडस्ट्रीज से लिए गए कत्था के नमूने में भी फंगस पाया गया।

### चीज में गड़बड़ी, गलत तरीके से बेचा जा रहा था उत्पाद

केशव ट्रेडर्स से लिए गए मोत्जरेला चीज के नमूने को जांच में मिथ्याछाप पाया गया। जांच में सामने आया कि उत्पाद को गलत तरीके से बेचा जा रहा था। वहीं पुराना शहर स्थित टेस्टी मिल्क डेयरी से लिए गए दूध और खुले घी के नमूनों में भी गड़बड़ी मिली। दोनों में फैट की मात्रा तय मानक से कम पाई गई, जिससे इन्हें अधोमानक घोषित किया गया।

### बाजार में बिक रहा नकली पानी

बहेड़ी के बाईपास रोड स्थित सिंह बेबेरेजेज से लिए गए पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के सैंपल में मैग्नीशियम की मात्रा तय मानक से कम पाई गई। रिपोर्ट आने के बाद इसे अधोमानक घोषित कर दिया गया। इससे साफ है कि बाजार में बिक रहा पानी भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी संबंधित कारोबारियों को 30 दिन के भीतर अपील करने का मौका दिया है। यदि समय रहते अपील नहीं की गई तो विभाग सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। अपील मिलने पर नमूनों को केंद्रीय प्रयोगशाला भेजकर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**आवश्यकता है**
उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242

# युवक को जहर देकर मारने के मामले में पुलिस को दी तहरीर

## पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कराया पोस्टमार्टम, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** युवक को जहर देकर मारने के मामले में पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके बाद से पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजन आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठा रहे हैं।


जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा


मृतक का फाइल फोटो।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव सेहबिया कला निवासी राजू का कहना है कि 20 अप्रैल को गांव में बारात आनी थी। जिसके चलते राजू का भाई सोनू लड़की पक्ष के लोगों के यहां पर जाकर काम काज में लगा हुआ था। आरोप है कि बरात चढ़त के दौरान गांव के ही कुछ लोग उसको बुलाकर ले गए थे। जहां उसको लात घूसों से मारा। उसके बाद शराब में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको पिलाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसको आरोपी घर छोड़कर चले गए थे। युवक की हालत देखकर परिजन घबरा गए थे। उसको आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे थे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने पुलिस को हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# महिला सिपाही लता और बच्चे को न्याय दिलाने के लिए सख्ती से जांच कर रही पुलिस

**विवेचना**
- आरोपी पति दान सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर की थी हत्या
- हादसे का रुप देने के लिए डंपर चालक पर लिखवाया था मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिला सिपाही और उसके बेटे को न्याय दिलाने के लिए पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है। विवेचना अधिकारी का कहना है कि जल्द ही इस मामले में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

बता दें कि 25 फरवरी 2026 की रात थाना गंज क्षेत्र में एक कार में आग लगने से कांस्टेबल लता और उनके बच्चे की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस शुरुआत में इसको सड़क हादसा माना गया था और मृतका के पति ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उसके बाद पुलिस ने शक होने के आधार पर जांच को धीरे -धीरे बढ़ा दिया था। करीब दो माह के बाद आखिरकार नये एसपी सोमेंद्र मीणा ने 6 अप्रैल को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि यह एक सुनियोजित हत्याकांड था, न कि कोई दुर्घटना थी मृतका के पति दान सिंह ने रुपयों के




लालच और दूसरी महिला से शादी करने के लिए अपनी पत्नी और बच्चे की हत्या की साजिश रची थी। जिसके बाद मुख्य आरोपी पति दान सिंह के साथ नूर हसन और सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद 10 अप्रैल को चौथे आरोपी प्रदीप को पकड़ा गया। अब पांचवें आरोपी रवि को भी पुलिस ने पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया।वहां से आरोपी जेल चला गया। विवेचक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। महिला सिपाही और उसके तीन साल के बेटे को न्याय दिलाने के लिए सख्ती के साथ जांच की जा रही है। उसके बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

## एक नजर




### दो बाइकों की भिड़त में तीन युवक घायल

**मिलक।** मंगलवार दोपहर 3 :30 बजे अंशु पुत्र रामेश्वर अनूप पुत्र बेदराम निवासी ग्राम हल्दुआ थाना मिलक बाइक से अपने घर को जा रहे थे बराबर से आ रही बाइक सवार आनंद कुमार पुत्र घनश्याम ग्राम लोहा पट्टी भागीरथ थाना मिलक जनपद इनकी आपस में बाइकों की भिड़त बिलासपुर रोड खाता नगरिया मोड़ के निकट हुई। जिसमें यह तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को राहगीरो की मदद से उठाया गया।108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### महिलाओं को किया जागरुक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस – 5 .0 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को महिला सुरक्षा दल जनपद द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारें में बताया।

# दोहरा हत्याकांड का आज आ सकता है फैसला

- 14 साल पहले हुई थी दो दोस्तों की हत्या

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नाले में दो दोस्तों की लाशें बरामद हुई थी। पुलिस ने दोनों शवों के पास से मोटर साइकिलें भी बरामद की थी। यह मामला 17 मार्च 2012 का है। मृतकों की शिनाख्त अजय यादव निवासी आगापुर, जुल्फिकार निवासी मिलक बिचौला के रूप में हुई थी।

मृतकों के परिजनों की ओर से ज्वाला नगर निवासी पूर्व प्रमुख शिवसेना अनुराग शर्मा, अवधेश शर्मा निवासी आगापुर प्रदीप पंडित थाना शहजादनगर रायपुरा का मझरा निवासी कल्लू, मूंढापांडे के धतूरा मेघा नगला के मुकेश और उसके भाई बंटी जनपद बदायूं के गांव मिठवा निवासी विक्की पंडित, ज्वाला नगर निवासी वसी उर रहमान उर्फ शब्लू को नामजद किया गया था। पुलिस ने मामले की विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अब इस मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश सेशन कोर्ट में चल रही है।जिसमें आज 22 अप्रैल को फैसले की तारीख नियत की गई है। इसमें एक आरोपी अनुराग शर्मा की मौत हो चुकी है।

# शाहबाद में अलग-अलग सड़क हादसों में तीन जख्मी, एक रेफर

**शाहबाद।** शहर से गुजरने वाली सड़क चौड़ी होने के बाद हादसों की संख्या भी बढ़ गई है। जहां अत्याधिक स्पीड दुर्घटनाओं को बढ़ा रही है।




मंगलवार को बरेली के मीरगंज निवासी 23 वर्षीय राहुल पुत्र मित्रपाल अपने बहनोई अरविंद के साथ किसी रिश्तेदारी में जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, हादसे में दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए।

दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक उपचार देते हुए राहुल को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रैफर कर दिया । उधर गुलरिया कलां निवासी वेद प्रकाश भी मार्ग दुर्घटना का शिकार हो गए। एंबुलेंस द्वारा उन्हें भी शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर वेद प्रकाश को बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय व्यापार कर दिया।

# समस्या: तोपखाना ट्रेचिंग ग्राउंड में कूड़े से उठ रहा धुआं

- सांस लेने लोगों को आ रही दिक्कतें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तोपखाना स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड में पिछले कई दिनों से सुलग रहे कूड़े से उठा रहा धुआं लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। इस धुएं के कारण आसपास के मोहल्लों में लोगों का जीना दूभर हो गया है, खासकर सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी शुरू होते ही ऐसी घटनाएं आम हो जाती हैं।ट्रेचिंग ग्राउंड ग्राउंड पर प्रतिदिन हजारों टन कूड़ा डाला जाता है, जिसमें अक्सर आग सुलगती रहती है। हवा का रुख जिस दिशा में होता है, उस ओर के निवासी धुएं से सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। अकील अहमद ने बताया कि धुएं से पूरा इलाका परेशान है और सांस के मरीजों की हालत बिगड़ रही है। अनस शकील ने कहा कि पिछले 15 से 20 दिनों से लगातार कूड़े में आग सुलग रही है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। परवीन जहां ने कहा कि यहां कोई देखने वाला नहीं है, लोग किस हाल में रह रहे हैं, किसी को परवाह नहीं है। इसको लेकर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि उन्हें अब इस मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही टीम भेजकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।


तोपखाना गेट स्थित बने ट्रेचिंग ग्राउंड ग्राउंड में उठ रहा धुआं। -जागरण मोर्चा

# जिला अस्पताल में कुत्तों का आतंक, मरीज-स्टाफ परेशान

- अधिकारियों से कई बार की जा चुकी शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** जिला अस्पताल में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार बनी हुई है। इमरजेंसी गैलरी और महिला ऑपरेशन थिएटर के ठीक सामने कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते देखे जा रहे हैं, जिससे मरीज, तीमारदार और अस्पताल स्टाफ परेशान हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में इमरजेंसी गैलरी में दो आवारा कुत्ते बेखौफ घूमते दिखे। इस दौरान वहां मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ की दो नर्सें कुत्तों से बचते हुए सावधानी से आगे बढ़ीं। अस्पताल जैसी संवेदनशील जगह पर यह स्थिति चिंताजनक है।

रामेश्वर सिंह ने बताया कि अस्पताल में कुत्तों का लगातार घूमना असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। राजेश सिंह के अनुसार, अस्पताल परिसर स्वच्छ होना चाहिए, लेकिन कुत्तों की मौजूदगी से स्वच्छता प्रभावित हो रही है। जिला अस्पताल के सीएमएस बीसी सक्सेना ने बताया कि नगर पालिका को आवारा कुत्तों की समस्या के बारे में कई बार पत्र लिखकर सूचित किया गया है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

# शांतिपूर्ण तरह से निपटाई जाए होमगार्ड की परीक्षा: डीएम

- पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी, अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आगामी होमगार्ड भर्ती की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से एक गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य,प्रिंसिपल, नामित मजिस्ट्रेट तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।


पुलिस लाइन में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम और एसपी।

गोष्ठी के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय निगरानी, प्रवेश पत्रों की गहन जांच तथा संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, अभ्यर्थियों को समय से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी आवश्यक प्रबंध तय करने के लिए निर्देशित किया। अंत में सभी संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश दिए गए, जिससे परीक्षा सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराई जा सके।

# फिलिस्तीनी कैदी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए नवेद मियां


नई दिल्ली स्थित दूतावास में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के साथ नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

**रामपुर।** पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां ने दिल्ली स्थित दूतावास में आयोजित फिलिस्तीनी कैदी दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला अबू शावेश के निमंत्रण पर कार्यक्रम में पहुंचे नवेद मियां ने फिलिस्तीनी कैदी दिवस का समर्थन जताया। उन्होंने बताया कि यह दिन फिलिस्तीन के लोगों के बलिदान को याद दिलाता है। नवेद मियां ने बताया कि फिलिस्तीनी कैदी दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ताकि इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त की जा सके। उनकी दयनीय स्थिति को उजागर किया जा सके और उनकी रिहाई की वकालत की जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कतर, बहरीन, मिस्र, यमन, मोरक्को, मॉरिटानिया, जॉर्डन, सीरिया और अरब लीग के राजदूतों समेत देश के कई अहम लोगों ने शिरकत की।

**योजना** पति एवं पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 की प्रोत्साहन राशि बैंक खाते में प्रदान की जाती है

# दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना का उठाए लाभ: प्रतिभा पाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन, जिनका विवाह वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में हुआ हो, आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे दम्पत्ति जिनमें केवल पति दिव्यांग है, उन्हें 15,000, जिनमें केवल पत्नी दिव्यांग है, उन्हें 20,000 तथा जिनमें पति एवं पत्नी दोनों दिव्यांग हैं, उन्हें 35,000 की प्रोत्साहन राशि एकमुश्त उनके संयुक्त बैंक खाते में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांगजन विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नक प्रपत्रों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-21, विकास भवन, रामपुर में जमा करना अनिवार्य है। आवेदन के साथ संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट से जारी), शादी कार्ड/निकाहनामा/ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (न्यूनतम 40 प्रतिशत), राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता पासबुक, निवास प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र तथा दोनों के आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।



**पात्रता एवं अन्य आवश्यक शर्तें**

दम्पत्ति भारत के नागरिक हों तथा उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हों या कम से कम 5 वर्ष से अधिवासी हों। विवाह के समय युवक की आयु 21 से 45 वर्ष एवं युवती की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। साथ ही किसी का पूर्व से जीवित पति,पत्नी न हो, किसी भी प्रकार का महिला उत्पीड़न या अन्य आपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा दम्पत्ति में कोई सदस्य आयकर दाता न हो।

# दो पासपोर्ट मामले की अपील पर सुनवाई आज

- सेशन कोर्ट में वाद है विचाराधीन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट के मामले में सजा के खिलाफ दाखिल की गई अपील पर न्यायालय में आजम खां के शत्रु संपत्ति मामले में भी जमानत पर सुनवाई आज होगी। जबकि थाना अजीमनगर 27 किसानों के जमीनों को दबाने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

स्वार-टांडा विधायक अब्दुल्ला आजम दो पासपोर्ट मामले में दोषी कराते देते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट ने सात साल की सजा, 50 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया था।



सजा के खिलाफ अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने सेशन कोर्ट में अपील दायर कर जमानत लगाई थी। गत तिथि पर अभियोजन पक्ष द्वारा दायर की गई आपत्ति की नकल अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता को सौंपी गई। बुधवार को सजा के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई होगी।

## एक नजर

### नगर पंचायत भूमि पर अवैध निर्माण ध्वस्त

**मसवासी।** नगर पंचायत की जमीन पर किए अवैध कब्जे के खिलाफ मंगलवार को प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। तहसील प्रशासन और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मोहल्ला भूबरा में बने एक अवैध मकान को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के बाद मौके पर मौजूद मलबे को भी कब्जे में ले लिया गया।बताया जाता है कि नगर पंचायत की नवीन परती भूमि पर बिना अनुमति मकान निर्माण कर लिया गया था। इस संबंध में मकान स्वामी मोहम्मद रफी को पूर्व में नोटिस जारी कर निर्माण हटाने और स्थल खाली करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर आदेश का पालन नहीं किया गया।मंगलवार को नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल व नगर पंचायत प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को गिरा दिया। अधिशासी अधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा कि नगर पंचायत की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।



# जिला अस्पताल में स्थापित हुआ 8 बेड का कोल्ड रूम

## हीट स्ट्रोक को देखते हुए तीसरी मंजिल पर बनाया गया है वार्ड



कोल्ड रूम का जायजा लेते सीएमएस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ जिला अस्पताल में आठ बेडों का कोल्ड रूम बनाया गया है। हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले मरीजों को अस्पताल में बने कोल्ड रूम में रखा जाएगा। जहां पर गर्मी के बजाए शीतलता का एहसास हो। कोल्ड रूम में रोगियों को जरूरी दवाएं दी जाएगी। इन सभी दवाओं को वार्ड में आरक्षित किया गया है साथ ही वार्ड में रखे फ्रिज में आइस पैक भी रिजर्व किए गए हैं। यह पैक शरीर को ठंडा रखेंगे।

जिला अस्पताल की तीसरी मंजिल पर दाएं हाथ पर कोल्ड रूम स्थापित किया गया है। इस रूम में दो एयरकंडीशन, आठ बेड और फ्रिज, ओआरएस, जरूरी दवाओं की व्यवस्था की गई है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि हीट स्ट्रोक के रोगियों के लिए कोल्ड रूम बनाया गया है। रूम में रोगियों को तत्काल ही उपचार कराए जाने के इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि रोगियों को इधर से उधर भागना नहीं पड़े। यह शेडयूल के हिसाब से स्टाफ की तैनाती रहेगी।

### यह बरतें सावधानी

- धूप में न निकले, ज्यादा जरूरी है तो मुंह पर कपड़ा, गमछा बांधकर निकलें।
- अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें, पानी ज्यादा पीएं।
- ठेलों पर बिकने वाले पदार्थों के सेवन करने से बचें।
- डिहाइड्रेशन की समस्या होने पर ओआरएस का इस्तेमाल करें।
- हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें।
- अधिक गर्मी की चपेट में आने वाले बुजुर्गों, बच्चों, बीमार या अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें।
- बच्चों या पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें।
- नंगे पैर बाहर न निकलें।

### मदरसों के समय में भी हुआ परिवर्तन

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बताया कि हीट वेव की प्रचंड स्थिति को देखते हुए छात्रों, शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में यह निर्णय लिया गया है कि मदरसों में पठन-पाठन का कार्यक्रम सुबह 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे के स्थान पर सुबह 7 से अपराह्न 12 :30 कर दिया गया है।

## एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने मंगलवार को प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ताकि जल्द से जल्द निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



कार्यालय में समस्याएं सुनते एसपी।

# 6652 बच्चों के लगे टीडी-डीपीटी के टीके



शाहबाद गेट स्थित सिंबोसिस स्कूल में बच्चे को टीका लगवाते अभिभावक।

- जनपद में 10 दिन तक जारी रहेगा अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** डिप्थीरिया के बचाव में लिए जनपद में 5 से 6 वर्ष, 10 वर्ष और 16 वर्ष के 6652 बच्चों का टीकाकरण हो चुका है। इस अभियान की शुरूआत 20 अप्रैल से जनपद में हो चुकी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.के के चहल ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के सभी सरकारी, निजी विद्यालयों में पढ़ाई करने वाले बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। जनपद में अभियान की शुरुआत 20 अप्रैल से हुई है जोकि 30 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन शाहबाद गेट स्थित सिंबोसिस स्कूल में अभियान के तहत 5-6 वर्ष के बच्चों डीपीटी 1628 बूस्टर, 10 वर्ष के बच्चों के टीडी के 3893, 16 वर्ष के बच्चों को टीडी के 1031 टीके लगे हैं। उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान 20,21,23,24,27,28,30 अप्रैल सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को नियमित टीकाकरण सत्रों को छोड़कर आयोजित किया जाएगा।

# खानापूरी: फैमिली आईडी में कर्मचारियों ने दो लोगों के स्थान पर पांच लोगों को किया शामिल

- पूर्व सभासद पहुंचे नगर पालिका, दर्ज की शिकायत,ईओ ने नहीं उठाया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शासनादेशानुसार नगर निकायों द्वारा घर-घर जाकर फैमिली आईडी बनवाई जा रही है नगर पालिका द्वारा यह कार्य पिछले कई महीनों से जारी है। फैमिली आईडी और फार्मर आईडी के बनाए जाने के लिए जिलाधिकारी ने आदेश जारी किए है ताकि लोगों को इन आईडी के जरिए लाभ मिल सके। फैमिली आईडी इन लोगों की बनाई जा रही है जिनके राशन कार्ड नहीं हैं। आईडी वृद्ध वस्था, विधवा पेंशन में भी अनिवार्य कर दी गई है। लेकिन फैमिली आईडी बनाने के नाम पर खानापूरी की जा रही है।

शहर के नगर पालिका के निकट मोहल्ला अट्टा आला नूर के पूर्व सभासद रहमत उल्लाह खां उर्फ अब्बू साहब के घर का सामने आया है। पूर्व सभासद ने बताया कि उनके परिवार के दो सदस्य है। पालिका कर्मचारियों ने जो आईडी बनाई है जिसका नंबर 113640223646 है। इस आईडी दो के अलावा पांच नए सदस्यों को शामिल किया गया है जिनका उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्व सभासद ने बताया कि उनके परिवार में वह और उनकी पत्नी के अलावा कोई सदस्य नहीं है और जो फैमिली आईडी जारी की गई है उनमें सात लोग दर्शाए गए हैं। शासनादेश की मंशा है कि सरकार की योजनाओं का आम जनता तक पहुंच सके, इसलिए आईडी बनाई जा रही है। इस मामले में पूर्व सभासद ने नगर पालिका पहुंचकर पालिका के अधिकारियों से की है।



पूर्व सभासद की बनाई गई फैमिली आईडी का फोटो।

# 235 किसानों को मिली 23.83 लाख की राहत राशि

- आपदा में प्रशासन का सहारा: प्रभावित किसानों को त्वरित राहत वितरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अप्रैल 2026 के द्वितीय सप्ताह में जनपद में हुई बेमौसम भारी वर्षा से विभिन्न क्षेत्रों में फसलों को व्यापक नुकसान हुआ।प्राकृतिक आपदा के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित सक्रियता दिखाते हुए प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने की दिशा में तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित की।

मुख्यमंत्री के निर्देशों एवं शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कराया गया और क्षति का यथार्थ आकलन किया गया। इसके आधार पर पात्र किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई गई। जनपद की समस्त तहसीलों के कुल 235 प्रभावित किसानों को 23,83,082,तेईस लाख तिरासी हजार बयासी रुपये मात्र की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह राशि शासन द्वारा निर्धारित एसडीआरएफ मानकों के अंतर्गत पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि आपदा से प्रभावित कोई भी पात्र किसान राहत से वंचित न रहे। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में भी ऐसी परिस्थितियों में त्वरित सर्वेक्षण कर राहत वितरण सुनिश्चित किया जाए।जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि राहत वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे तथा किसानों को समय पर सहायता प्राप्त हो सके।

# हरदासपुर में हुआ संकुल बैठक का आयोजन

- प्रत्येक न्याय पंचायत में प्रत्येक माह आयोजित की जाती है बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ की न्याय पंचायत बकैनिया की अप्रैल माह की शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय हरदासपुर में किया गया। बैठक का आयोजन महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा निर्देशित एजेंडा के अनुसार किया।

बताया कि सत्र के प्रारंभ में पहले 30 दिन विद्यालय की आनंदमय शिक्षक व प्रभावी शुरुआत के लिए योजना निर्माण, स्कूल रेडिनेस फेस 2 आदि के बारे में बताया गया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कक्षा 1 व 6 में नवीन नामांकन अधिक से अधिक करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। नवीन नामांकन को यू - डाइस पोर्टल पर भी अनिवार्य रूप से अंकित व अघतन किया जाए। शैक्षिक कैलेंडर 2026- 27 के संबंध में चर्चा की। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों का रोड मैप तैयार करने तथा विभाग द्वारा मांगी जाने वाली विभिन्न सूचनाओं को तुरंत उपलब्ध कराया जाए। बैठक में नोडल संकुल प्रदीप कुमार, संकुल गुंजन सक्सेना, संकुल अनूप सिंह, संकुल सुमन अरोड़ा, प्रधान अध्यापिका रेखा कश्यप, देवेंद्र सिंह आर्य, पारुल, भारती, प्रिया शर्मा, कमलेश आदि शिक्षक मौजूद रहे।




संकुल बैठक में बोलती हुई शिक्षिका। -जागरण मोर्चा

# व्यापारियों ने बैठक में उठाया मेडिकल कॉलेज बनवाने का मुद्दा

- तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर हुई। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जनपद में जिला चिकित्सालय में 600 बेड का मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है। क्योंकि इसे शुरू न होने से प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार मृत्यु हो रही है। हजारों मरीज जिला चिकित्सालय से रेफर होने के बाद बाहर निकलते ही दम तोड़ देते हैं।

क्योंकि जनपद के जिला चिकित्सालय में विभिन्न रोगों के डॉक्टर जैसे हार्ट, ब्रेन, लिवर ,किडनी, जनरल फिजिशियन आदि न होने के कारण जनता बुरी तरह से तड़प रही है।अलीगंज बेनजीर गाटा संख्या 476, 481, 482 ,483 व 122 जो की बाग गुलजार ग्राम जगतपुर में स्थित है। इस जमीन को मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए चिन्हित किया गया,जो की जमीन उधान विभाग की है।22 दिसंबर 2021 को निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्र संस्करण उत्तर प्रदेश टू सप्रू मार्ग लखनऊ को एक लेटर उद्यान विभाग की भूमि स्थानांतरण मेडिकल कॉलेज के लिए करने के लिए पत्र लिखा गया लेकिन आज तक उस पत्र का उद्यान विभाग की तरफ से कोई भी जवाब नहीं आया है। उसके बाद भी जनपद में इन्वेस्टर की टीम सर्वे करने के लिए आई इसकी जानकारी भी प्राप्त की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी का कहना है कि जल्दी रामपुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश मंत्री पप्पू खा,अब्दुल बासिक,कन्हैया लाल पटवा, गोपाल शर्मा, यासीन, मिलन सक्सेना, शाहिद मामू ,विष्णु सैनी, नजाकत अली रयान, प्रवीण गुर्जर आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते संदीप सोनी। -जागरण मोर्चा

# किसानों का अच्छी तरह से तोला जाए गेहूं: हनीफ

- बिलासपुर में कई क्रय केंद्रों पर पहुंचे किसान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता का एक प्रतिनिधिमंडल नवीन गल्ला मंडी बिलासपुर में गेहूं क्रय केन्द्र पर पहुंचा। जहां पर ज्यादातर गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने या पानी की व्यवस्था न होने पर आक्रोश जाहिर किया। कुछ कांटों पर टोल भी धीमी मिली। सभी प्रभारी से कहा कि किसानों के प्रति अच्छा रवैया और समय से गेहूं की तोले जाए।कोई भी असुविधा किसी को ना हो क्योंकि किसान अपनी फसल को अपनी औलाद की तरह 6 महीने पलता है।

फसल के ऊपर ही पूरा जीवन यापन है। किसानों का अबकी बार बे मौसम बारिश के कारण गेहूं में नुकसान हुआ है। पिछले साल की भांति इस बार बहुत कम गेहूं हुआ है। इसलिए किसान अपनी परेशानियों में उलझता जा रहा है सरकार को चाहिए की नुकसान को देखते हुए तत्काल फैसला लेना चाहिए। 4000 हजार प्रीति कुंतल गेहूं का रेट होना चाहिए। जबकि सरकार को अपने विधायक और मंत्रियों को फायदा पहुंचाना होता है तो तत्काल बैठक बुला लेते हैं।कोई भी आदेश पारित कर दिया जाता है।आज किसानों को जरूरत है।महंगाई कई गुना बढ़ गई, लेकिन किसानों की फसलों के रेट वहीं है। यह चिंता का विषय है देश की सरकार और प्रदेश की सरकार एक ही पार्टी की सरकार है।

किसानों को संबोधित करते हुए हनीफ वारसी ने कहा भारतीय किसान यूनियन अंबावता जनपद के सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गेहूं क्रय केन्द्रों का दौरा करें पीड़ित किसान के साथ खड़े रहे। इस मौके पर मुबारक हसन, सुखदेव सिंह, मोहम्मद अहमद, प्रधान जगतार सिंह, अजब सिंह, रिजवान अली पाशा, इलियास अहमद, खुर्शीद अहमद, सोनू गुप्ता, जमुना प्रसाद, बलजीत सिंह, सरदार सतनाम सिंह, श्याम मोहन पांडे आदि शामिल रहे।



क्रय केंद्र पर किसानों से वार्तालाप करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

# एएसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा मंगलवार को परेड की सलामी लेकर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला सिपाही एवं कर्मचारियों का टर्न आउट चेककर पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**उद्घाटन** जैन इंटर कालेज में शिविर का प्रधानाचार्य ने किया उद्घाटन

# ‘स्काउट देश प्रेम, समाज सेवा की भावना से कार्य करता है’

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड संस्था द्वारा अनिवार्य शिक्षा अभियान के अंतर्गत जैन इंटर कॉलेज में स्काउट का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने किया। कहा कि स्काउट संस्था से जुड़कर बच्चे अनुशासन व सत्य मार्ग पर चलने की सीख प्राप्त करते हैं।

जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट देश प्रेम और समाज सेवा की भावना से कार्य करता है। जिला संस्था भारत स्काउट गाइड द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह ने पहले दिन भारत स्काउट गाइड के उद्देश्यों एवं कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्काउट टोलियों का गठन किया। शिविर प्रभारी राहुल जैन ने बताया कि आगामी तीन दिनों में गांठे, बंधन, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अर्जुन सिंह, शक्ति दीक्षित, विनय गर्ग, मनोज कुमार, संजय गुप्ता उपस्थित रहे।



जैन इंटर कालेज में झंडे को सलामी देते प्रधानाचार्य। -जागरण मोर्चा



# सेवानिवृत कर्मचारियों ने मांगों को लेकर आंबेडकर पार्क में दिया धरना

## देशभर के पेंशनरों में असंतोष का कारण उन्हें आठवें वेतन आयोग की सीमा में नहीं रखा गया : एनपी सिंह



धरने में मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मंगलवार को प्रदेशीय आवाहन पर दोपहर 11 बजे से 3 तक सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन का धरना प्रदर्शन कार्यक्रम अंबेडकर पार्क में संगठन के संरक्षक राम मोहनलाल सक्सेना की अध्यक्षता तथा जसराज सिंह सागर के संचालन में संपन्न हुआ। जिसमें सभी ने अपनी समस्याओं को रखा। उसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

धरना-प्रदर्शन की सभा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष परवेज अहमद खान द्वारा सभा को अवगत कराया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उ प्र ने अपने पत्र 19 मार्च 2026 जानकारी दी गई है। सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशनर्स के साथ अन्याय किया जा रहा है। इसलिए धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता पड़ रही है। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष एनपी सिंह ने कहा कि देशभर के पेंशनरों में बहुत बड़ा असंतोष इस कारण से है कि उन्हें आठवें वेतन आयोग की सीमा में नहीं रखा गया है। इस संबंध में संगठन द्वारा अनेक पत्र भेजे गए हैं एवं कार्यक्रम भी किए गए हैं किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। परिणाम स्वरुप अखिल भारतीय राज्य सरकार पेंशनर्स फेडरेशन के आवाह्न पर प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सभी जिलों में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी समस्याओं का निदान आठवें वेतन आयोग में जो त्रुटियां की जा रही है उनका निदान करना आवश्यक है अगर निदान नहीं किया जाता है तो मजबूर होकर हमें और बड़े-बड़े आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। विधि सलाहकार आरपी सक्सेना द्वारा कहा कि सरकार से हम निवेदन करते हैं कि आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के लागू होने की तिथि से पूर्व के पेंशनरों को यह लाभ मिलना चाहिए जो कि सातवें वेतन आयोग में प्रदान किए गए थे।

पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक वेद प्रकाश शर्मा बताया कि यह समस्याएं बुजुर्गों की समस्याएं हैं और बुजुर्गों को इस तरह पीड़ित किया जाना किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता।कोषाध्यक्ष ओमवीर सिंह वैदिक द्वारा बताया कि हम लंबे काल से अपने जीवन काल में सरकारों की बेईमानी को देखते चले आ रहे हैं चाहे वह वेतन विसंगतियां हो केंद्र के समान वेतनमान हो महंगाई भत्ता हो आदि आदि में हमेशा बेईमानी करने की कोशिश की जाती रही है। वित्त विधेयक 2025 में पेंशनरों में तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले अंश को हटाते हुए पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाया जाए।भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 29 अगस्त 2008 में प्रकाशित निर्णयों के अनुसार कर्मचारियों, पेंशनरों, शिक्षकों के लिए अलग सीपी आई बनाई जाए। पेंशन उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ के निर्णयानुसार लंबी सेवा अवधि का लंबित वेतन है वह नान कंट्रीब्यूटरी अनफंडेड नहीं है। उसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

### धरने में यह लोग रहे मौजूद

परवेज अहमद खान, वेद प्रकाश शर्मा, ओमवीर सिंह वैदिक, राममोहन चतुर्वेदी, उमेश चंद्र यादव, अमर सिंह जिलेदार, प्रेम नारायण चौधरी, भगवान दास, कृष्ण कुमार, हरिद्वारी लाल, जोगिंदर पाल, मनोहर लाल, राजीव सक्सेना, सुरेंद्र कुमार जौहरी, सुभाष चंद्र, होतीलाल, शेर सिंह नेगी, नरेंद्र सक्सेना, जुगल किशोर, संजय सक्सेना, दिलशाद पाशा, दिनेश कुमार सक्सेना, पवन कुमार सक्सेना, अमर सिंह, हरेंद्र राय मौजूद रहे।

# एसपी ने बदले चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने चौकी प्रभारियों और उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। थाना सैफनी से उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार को दढियाल चौकी थाना टांडा का प्रभारी, थाना भोट से उपनिरीक्षक योगेश कुमार को रूद्रबिलास चौकी की जिम्मेदारी मिली है। थाना कैमरी से सुमित कुमार को ढकिया चौकी शाहबाद भेजा गया है।

थाना गंज से सोहनपाल सिंह को मसवासी चौकी का प्रभारी, मसवासी चौकी से अजय कुमार को कस्वा बिलासपुर चौकी भेजा गया है। मुरसैना चौकी से रजनीश कुमार को रेवड़ीकला चौकी मिलक और रेवड़ीकला से विनोद कुमार को मुरसैना चौकी अजीमनगर स्थानांतरित किया गया है। भवरंका चौकी से रोहित कुमार को पनवड़िया चौकी सिविल लाइन भेजा गया। पनवड़िया चौकी सिविल लाइन से महिला उपनिरीक्षक दीपा चौहान को थाना बिलासपुर में तैनात किया गया है। पुलिस लाइन से राहुल कुमार को मंडी चौकी गंज का प्रभारी, जबकि मंडी चौकी से राजवेन्द्र कौर को भवरंका चौकी कैमरी भेजा गया है। चौकी कुंडा चौकी से भीमसैन को बाजार चौकी सिविल लाइन भेजा गया है। बाजार चौकी से पवन कुमार को कुंडा चौकी कोतवाली स्थानांतरित किया गया है।

बजरिया चौकी से यादवेन्द्र सिंह को पुराना गंज चौकी का प्रभारी बनाया गया है, और पुराना गंज से संदीप कुमार को थाना सैफनी भेजा गया है। खौद चौकी अजीमनगर से उत्तम कुमार को मनकरा चौकी भोट भेजा गया है। जबकि मनकरा चौकी से चंद्र विक्रम सिंह को खौद चौकी स्थानांतरित किया गया है। नौदरा चौकी से मनोज कुमार को थाना सैफनी भेजा गया है, और रिट सेल से संजय कुमार सिंह को नौदरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। मदरसा कोहना चौकी से गिरजेश बहादुर को थाना भोट भेजा, सिविल लाइन से तरुण वर्मा को मदरसा कोहना चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# उप जिलाधिकारी के आश्वासन पर मिलक बार एसोसिएशन ने खत्म की हड़ताल

- भ्रष्टाचार व प्राइवेट कर्मचारियों के विरोध में थे अधिवक्ता, बार-बेंच संबंध रहेंगे मधुर अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



वार्तालाप करते अधिवक्ता। –जागरण मोर्चा

**मिलक।** तहसील मिलक बार एसोसिएशन सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में भ्रष्टाचार एवं प्राइवेट कर्मचारियों के विरोध में चल रही अधिवक्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की गई।

बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार एवं महासचिव रमेश चंद्र गंगवार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को न्यायालय में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

अध्यक्ष सतीश चंद्र गंगवार ने कहा कि बार और बेंच के संबंध हमेशा मधुर रहेंगे। उपजिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की समाप्ति की घोषणा की गई।इस अवसर पर विवेक गंगवार, महेंद्र प्रकाश अग्रवाल , देवेंद्र कुमार गंगवार, देशवीर सिंह गंगवार, अर्जुन सिंह गंगवार , धर्मेंद्र सक्सेना , राकेश चंद्र गंगवार , श्री राम राठौर, कमलकांत शर्मा , प्रेमपाल गंगवार, विवेक गंगवार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 'स्कूलों के समय में कराया जाए परिवर्तन'

- जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुऐब खान एडवोकेट ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि आजकल गर्मी का मौसम चल रहा है तापमान सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है।

मौसम विभाग द्वारा 19 अप्रैल से 31 मई तक तापमान 45 से 55 डिग्री सेल्सियस पहुंचने का अनुमान जताया है। धूप- लू में अपने घरों से न निकलें। इस भयंकर मौसम से बचने का प्रयास करें। जबकि स्कूलों में छुट्टी का समय ज्यादातर दोपहर 1 बजे के बाद है जोकि स्कूली बच्चों के लिए अत्यंत घातक है जिससे बच्चों के बीमार होने की पूरी आशंका है। गर्मी-लू के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी का समय दोपहर 12 बजे तक कराया जाए। जिससे कि स्कूली बच्चे, स्टाफ मौसम से बच सके। समय रहते वो अपने घरों पर पहुंच जाए।

# महिलाएं कर सके अपने अधिकारों का उपयोग: अनीता देवी

- राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गोष्ठी आयोजित

जागरण मोर्चा, कार्यालय



गोष्ठी में बोलते प्रोफेसर। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में मिशन शक्ति विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, चुनौती एवं समाधान विषय पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

इस विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनीता देवी ने महिला सशक्तिकरण का अर्थ ही यह है कि महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक रूप से सक्षम बनाना। ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। किसी भी समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए उनका सशक्त होना आवश्यक है। डॉ. मोहम्मद कासिम ने महिला सशक्तिकरण की चुनौतियों शिक्षा की कमी, लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा और सुरक्षा, आर्थिक निर्भरता, बाल विवाह और दहेज प्रथा, राजनीतिक भागीदारी की कमी आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. प्रीति लता, डॉ. सोनू पूरी ने महिला सशक्तिकरण के समाधान विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

# ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से कांग्रेसियों में आक्रोश



बिलासपुर में खड़े पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष व अन्य। –जागरण मोर्चा

- जिलाधिकारी से मिला कांग्रेसियों का प्रतिनिधिमंडल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विशारद नगर स्थित साहू शाह बाबा की लगभग 200 वर्ष पुरानी मजार, रामपुर रोड स्थित सादिक शाह बाबा की मजार पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बताते हुए की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से कांग्रेसियों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि यह स्थल वर्षों से हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदायों की आस्था का केंद्र रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ने की आशंका बन जाती है।

पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि उक्त मजारें खतौनी में विधिवत दर्ज हैं, इसलिए इन्हें अवैध बताकर कार्रवाई करना न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब से है। ऐसे में किसी भी कार्रवाई से पहले दोनों समुदायों को विश्वास में लेना आवश्यक था।

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि इस प्रकार की जल्दबाजी में की गई कार्रवाई से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसे संवेदनशीलता और संवाद के माध्यम से टाला जा सकता था।

इस मौके पर शहर इमाम नासिर खां, शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रज़ा खां, नोमान मुमताज़ खां, सरदार गुरवाज सिंह, कलाम डॉ. ज़फर, रवि टंडन, शानू खां, जयदीप द्विवेदी, शाहनवाज़ और अमीर हसन आदि मौजूद रहे।

# चाईनीज मांझे का प्रयोग कर पतंग उड़ाते हुए एक आरोपी गिरफ्तार



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चाइनीज मांझे की बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना गंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान तालिब पुत्र मुन्नन निवासी पंखेवालान थाना गंज को ग्राम बगी से बिलासपुर गेट आने वाले हाईवे के किनारे खेत में से चाईनीज मांझे का प्रयोग कर पतंग उड़ाते समय गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध में थाना गंज पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की है।

# एसीएफ अभियान: 27 दिन में 13251 की हुई स्क्रीनिंग

- अभियान में हाई रिस्क 286 गांवों की जनसंख्या को किया शामिल




जिला अस्पताल स्थित जिला क्षय रोग केंद्र। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में 100 दिवसीय अभियान के तहत 27 दिन में क्षय रोग विभाग की टीमों ने 111 गांवों में बने घर-घर जाकर 13251 लोगों की स्क्रीनिंग की। जिसमें पुरुष 6686, महिलाएं 6565 शामिल है। इनमें 586 रोगी मिले। जनपद में एसीएफ अभियान 24 मार्च से शुरू होकर 1 जुलाई तक संचालित रहेगा। अभियान में हाई रिस्क ग्रुप के लोगों को समय रहते पहचान कर उनका इलाज शुरू किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने बताया कि अभियान में उन लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिनमें टीबी का खतरा अधिक है। किडनी ,लीवर, बीपी और शुगर ग्रसित गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज, 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, शराब और धूम्रपान करने वाले लोग कुपोषित व्यक्ति, झुग्गी झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक शामिल है। बताया कि जनपद में यह अभियान 1 जुलाई तक संचालित रहेगा।

अब तक 111 गांवों में बने घरों के 13251 लोगों की स्क्रीनिंग हुई है। अभियान को सफल बनाए जाने के लिए ग्राम प्रधान और सम्मानित लोगों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

# गेहूं खरीद में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता हुई खत्म

- जनपद में खरीद के लिए बनाए गए है 131 केंद्र

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मर रजिस्ट्री न करा पाने वाले किसानों को गेहूं खरीद प्रक्रिया में बड़ी राहत दी है। उन्होंने सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद के लिए फार्मर रजिस्ट्री की बाध्यता समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलों को तत्काल प्रभाव से व्यवस्था लागू करने के लिए कहा गया है।

अब वे किसान भी न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर गेहूं बेच सकेंगे, जो अब तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पाए है। इससे खरीद प्रक्रिया में तेजी आने और अधिक किसानों को लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है। खरीद जनपद में 30 मार्च से आरंभ हो चुकी है खरीद के लिए 131 केंद्र बनाए गए हैं। लेकिन इसके बाद भी खरीद में तेजी नहीं आई है। खाद्य विभाग के जिला विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों को निर्देश दिए है कि किसानों को सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी और सुचारु खरीद की जाए। कहा कि सरकारी खरीद को सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल अभी तक आकर्षित बना था। बाजार का भाव 24 सौ रुपये से पीछे चल रहा था। अब बाजार का प्रति क्विंटल गेहूं का मूल्य भी 25 सौ से ऊपर आ गया है।

विकास कार्य

आकाश सक्सेना ने शासन को भेजा प्रस्ताव

# अम्बेडकर पार्क बनेगा पर्यटन का केंद्र : शहर विधायक

- करोड़ से विकास कार्य कराने का दिया प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** सिविल लाइन्स स्थित अम्बेडकर पार्क को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे।

नैनीताल समेत उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन स्थलों को जाने के लिए रामपुर अहम केंद्र है। ऐसे में रामपुर के सिविल लाइन्स स्थित अम्बेडकर पार्क पर्यटन का प्रमुख केंद्र हो सकता है। लिहाजा, शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पार्क को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क की तर्ज पर विकसित कराने के प्रयास शुरू कर दिए है। इसके लिए उन्होंने शासन को प्रस्ताव भेजा है। इसके अनुसार जनेश्वर मिश्र पार्क अपनी भव्यता, हरियाली और आधुनिक व्यवस्थाओं के लिए जाना जाता है। विधायक ने बताया कि अम्बेडकर पार्क पर लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव है, जिससे पार्क को आकर्षक, सुव्यवस्थित और जन सुविधाओं से युक्त बनाया जा सके। योजना के तहत पार्क में सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र का विस्तार, आकर्षक लाइटिंग, फव्वारे, बच्चों के खेलने के लिए आधुनिक उपकरण, ओपन जिम, वॉकिंग ट्रैक और बैठने की बेहतर व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

विधायक आकाश सक्सेना का कहना है कि इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को एक बेहतर मनोरंजन स्थल मिलेगा, बल्कि यह पार्क शहर में पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

## एक नजर

### विचार गोष्ठी में छात्राओं ने रखे अपने-अपने विचार

**चन्दौसी।** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में एनसीसी इकाई की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय स्क्रीन टाइम कम करने में माता-पिता और समुदाय की भूमिका रहा। जिसमें छात्र सिद्धार्थ ने कहा कि इसमें माता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि माता हर वक्त घर में रहती हैं, इसलिए वह निगरानी और टोका-टाकी कर सकती हैं। देव चौधरी ने कहा कि समाज के जिम्मेदार लोगों को भी इस विषय पर बोलना चाहिए तता लगों को जागरुक करने का काम करना चाहिए। गोष्ठी में अंशु, अभिषेक, आकाश गिरि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने कहा कि स्क्रीन टाइम कम करने में माता-पिता और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती हैं, माता-पिता के सहयोग के बिना छात्रों का स्क्रीन टाइम कम नहीं कया जा सकता। इसके लिए उन्होंने एक जागरुकता अभियान चलाकर माता-पिता से संपर्क कर उन्हें इस विषय में जागरुक करने पर भी विचार रखे गए।

# चन्दौसी के बच्चों ने मुरादाबाद में बिखेरा जलवा

## जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी, जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने विजेताओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर लौटे बच्चों को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मेडल व सर्टिफिकेट मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर अलग की खुशी नजर आई।

जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता रविवार को मुरादाबाद के एसएस चिल्ड्रेन अकेडमी में आयोजित की गई। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता का आयोजन देवेंद्र राणा द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में चन्दौसी के 14 बच्चों की टीम भी शामिल हुई थी। जिसमें से 11 बच्चे एबीसी किड्स


डीएम कार्यालय में जिलाधिकारी के साथ खड़े विजेता बच्चे।


पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पोस्टर दिखाती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

मांटेसरी स्कूल के थे। सभी प्रतिभागियों ने स्केटिंग में बेहतरीन संतुलन, गति और तकनीक का प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में अनाश्वी, अग्रवाल, मयेशा मयंक, विवान वार्ष्णेय, मयेशा वार्ष्णेय, ऐश चौधरी, दिव्यांशी, देवांस, शुभ, आयांश सांगवान, अधर्ब चौहान, अव्यान मिश्रा, सांची, आर्यांश, अहमद रजा शामिल रहे। प्रतियोगिता में आर्यन सांगवान ने प्रथम, ऐश चौधरी ने द्वितीय, अनाश्वी अग्रवाल, मयेशा वार्ष्णेय, मायेशा मयंक, सांची अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों की सफलता के पीछे कोच हर्ष राणा की मेहनत और मार्गदर्शन रहा। उन्होंने बच्चों को स्केटिंग की तकनीकों के साथ-साथ अनुशासन, संतुलन और आत्मविश्वास का प्रशिक्षण दिया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सोमवार को विजेता प्रतिभागी बच्चे बहजोई स्थित कलक्ट्रेट पहुंचे, जहां जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने विजेता को मेडल व सर्टिफिकेट दिए और जीत की शुभकामनाएं दी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिफा प्रथम

**एनकेबीएमजी कालेज में संपन्न हुई प्रतियोगिता**

**चन्दौसी।** एनकेबीएमजी कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य रंजना अग्रवाल व निर्णायक मंडल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में साहित्य के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनकी सृजनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह व लगन के साथ भाग लिया। जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध साहित्यिक हस्तियों को अपने पोस्टरों के माध्यम से सुंदर, प्रभावशाली व विचारोतेजक रूप में प्रस्तुत किया। रंगों के संतुलित प्रयोग, विषय की गहराई और अभिव्यक्ति की स्पष्टता ने प्रतियोगिता को अधिक आकर्षक बना दिया। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर रंजना अग्रवाल, डा. रीता सिंह ने छात्राओं की प्रस्तुतियों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया। जिसमें रिफा ने प्रथम, आरोही ने द्वितीय, माहीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की सदस्यों ने कहा कि साहित्य हमें जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने की दृष्टि प्रदान करता है और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उस समझ को अधिक सशक्त बनाती है। इस अवसर पर हेमलता प्रभारी, डा. बविता, डा. शीतल आदि मौजूद रहीं।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के पुराने बाईपास पर हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक युवक पांच बहनों में अकेला भाई था। हादसे के बाद से बहनों का बुरा हाल बना है।


बंटी का फाइल फोटो।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर खास निवासी बंटी 20 वर्ष पुत्र अतर सिंह ट्रैक्टर-ट्राली से रेता-बजरफुट पहुंचाने में चालक का कार्य करता है। मंगलवार की सुबह 5 बजे युवक घर से बाइक से लेकर काम पर निकला। जब युवक पुराने बाई पास पर हरिबाबा धर्मकांटा के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बंटी सड़क पर गिर गया। तभी सामने से आ रही ट्रक की पहिया बंटी के ऊपर से गुजर गया। हादसे में बंटी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर बनियाठेर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जबकि हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि बंटी पांच बहनों में अकेला भाई था। जबकि बंटी के पिता अतर सिंह की चार वर्ष पहले हादसे में मौत हुई है।

### डंपर ने पिकअप को मारी, गाड़ी में फंसे चालक को आधा घंटे बाद बाहर निकाला

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर पिकअप में सामने से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चालक पिकअप में फंस गया। थाना पुलिस व अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। थाना हाथरस के चंद्रभान पुत्र मुरारी लाल शर्मा के साथ हाथरस के चापड़ा गेट निवसी बबलू पुत्र मुकेश के साथ मुरादाबाद जा रहा था। मंगलवार की सुबह 6 बजे पिकअप बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद-आगरा मार्ग स्थित न्यू बाईपास पर पहुंची तो सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पिकअप में चालक चंद्रभान गाड़ी में फंस गया। जबकि बबलू बाहर क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकला आया। घटना की सूचना पर थाना बनियाठेर प्रभारी सचिन कुमार पुलिस बल व अग्निशमन अधिकारी केके ओझा मौके पर पहुंचे। पुलिस व अग्निशमन ने आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को क्षतिग्रस्त पुलिस से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया।


क्षतिग्रस्त वाहन को देखती पुलिस व अग्निशमन दल की टीम।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, चार घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना के पास बाइक को कार ने टक्कर मार दी। हादसे दो बच्चों सहित दंपती घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चारों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद कार सड़क पर पलट गई। थाना बहजोई क्षेत्र के चित्रा रोड निवासी उस्मान अपनी पत्नी सिमरन, पुत्र अब्दुल्ला व पुत्री अमरीश के साथ बाइक से अपने साले की शादी में शामिल होने मानकपुर नरौली जा रहा था। सोमवार की रात 9 बजे बाइक सवार बनियाठेर थाने के पास पहुंचा तो सामने से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने चारों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# अरुण के रूप में हुई कार चालक की शिनाख्त

**हादसे में कार में लगी आग में जिंदा जल गया था चालक**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर कार व बाइक की टक्कर के बाद कार में आग लग गई। जिसमें कार की चपेट में आने से कार चालक जिंदा जलकर मौत हो गई थी। मृतक चालक की शिनाख्त बहजोई निवासी अरुण के रूप में हुई है। जिससे परिजनों में कोहराम मचा है।


अरुण का फाइल फोटो।

सोमवार को चार दोस्त बदायूं रोड स्थित ढाबे से दावत करके कार से निकले थे। शाम चार बजे कार सवार बनियाठेर क्षेत्र के बहजोई रोड पर मऊ अस्सू चौराहा के पास पहुंचे तो सामने से आ रही बाइक से कार की भिड़ंत हो गई। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदी जाकर पेड़ से टकरा गई और कार में आग लग गई। आसपास के लोगों ने कार में सवार तीन युवकों को निकाल लिया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त होने पर चालक की साइड़ का डाला नहीं खुलने से वह नहीं निकल सका। जिसकी आग में जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। पुलिस मृतक चालक की शिनाख्त कराने में जुट गई। काफी प्रयास के बाद कार चालक की शिनाख्त अरुण 22 वर्ष पुत्र भुवनेश शर्मा निवासी गोलागंज, बहजोई के रूप में हुई। परिजनों की घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। अरुण गाजियाबाद में रहकर लैब चलाता था। जबकि हादसे में बाइक सवार की भी मौत हो गई थी।

## टैक्टर चालक ने बाइक में मारी टक्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** थाना छजलैट क्षेत्र के सिराजनगर भीकनपुर में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुरी रवाना निवासी सलीम और फाइक नवी 14 अप्रैल की दोपहर बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान किशनपुर निवासी कुशल ने अपने फार्मट्रेक ट्रैक्टर को तेज गति से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे के बाद पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भाजपा नेता की मौत से शोक की लहर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**(ओंमकार सिंह बिश्नोई)**

**कांठ।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ एवं कर्मठ समाजसेवी राजपाल सिंह प्रजापति के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन से नगर में शोक की लहर व्याप्त है। सैकड़ों की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेतागण एवं उमडे जन सैलाब ने अंतिम शव यात्रा में शामिल होकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।


राजपाल सिंह प्रजापति का फाइल फोटो।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ राजपाल सिंह प्रजापति पार्टी के अलावा भी सामाजिक क्रियाकलापों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। नगर पंचायत अध्यक्ष के गत चुनाव में वह चंद वोटो से पराजित होकर दूसरे नंबर पर रहे थे। वह दवे, कुचले, पिछड़े लोगों को न्याय दिलाने के लिए तत्पर रहते थे। अपनी मृदुल भाषा एवं समाज सेवा से वह नगर व क्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय हो गए थे। एक समारोह में हुई सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए भाजपा एवं प्रत्येक धर्म व जाति के लोग उनके आवास पर उमड़ पड़े। राजपाल सिंह प्रजापति के निधन से नगर व क्षेत्र में शोक की लहर है। अपने पीछे वह अपने ज्येष्ठ पुत्र कृष्ण अवतार, विष्णु अवतार, सौरभ कुमार सहित तीन बेटे एवं एक बेटी व परिवार को रोता विखलता छोड़ गए हैं। सैकड़ों की संख्या में मौजूद सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनके अंतिम संस्कार में ओमप्रकाश गोला (माटी कला बोर्ड अध्यक्ष उत्तर प्रदेश) भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, कुंवर सुरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई (उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग) राजन बिश्नोई, देवराज सिंह जाटव, कांठ मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान, रिजवान अल्वी (जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा) सत्यवान सिंह राजपूत, अभय बिश्नोई पूर्व सभासद ,मोनू बिश्नोई बजरंगी, विकास शर्मा, सूरज सिंह, चकित चौधरी, मधु चौहान, प्रमोद चौहान, देवेंद्र चौहान, अनुज विश्नोई आदि भाजपा नेता भारी संख्या में सम्मिलित होकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

# भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** भारत विकास परिषद, रुहेलखंड पश्चिम विकास रत्न प्रांत की वर्ष 2026-27 के लिए नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। विभिन्न दायित्वों के साथ संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस कार्यकारिणी में कांठ क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता सुदेश बिश्नोई को लगातार तीसरी बार प्रांतीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

घोषित कार्यकारिणी में एस.के. दीक्षित को गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन का प्रांतीय संयोजक, दुर्गा टंडन को समूह गान, दीपक पुंडीर को भारत को जानो, सीए सजल अग्रवाल को एकाउंट, वित्त एवं ऑडिट, सरदार गुरुप्रीत सिंह को बलिदान दिवस, अमित चावला को युवा भागीदारी, उमेश कुमार रस्तोगी को सूरज प्रकाश जयंती, अमित गुप्ता को सांस्कृतिक कार्यक्रम व संस्कृत सप्ताह, अजय चतुर्वेदी को दिव्यांग सहायता, डॉ. मनोज अग्रवाल को स्वास्थ्य चिकित्सा एवं नेत्रदान, बनवारी लाल तोदी को रक्तदान प्रभारी, अनीता वैश्य को सामूहिक सरल विवाह, क्षमा गोयल को चिकित्सा शिविर प्रभारी, संजीव आकांक्षी को स्थापना दिवस प्रभारी, अशोक बिश्नोई को पर्यावरण व जल संरक्षण, प्रलभ अग्रवाल को खेलकूद, अंकित अग्रवाल को स्थायी प्रकल्प, नमन जैन को कॉर्पस फंड, वर्षा अग्रवाल को बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ तथा डॉ. आनंद सिंह को सह-प्रांतीय मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

# 86 लोगों की स्क्रीनिंग व चैस्ट एक्स-रे

**टीबी जांच कैंप**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर विश्नोई व गोपालपुर नत्था नंगला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया।

ग्राम फत्तेपुर विश्नोई व गोपालपुर नत्था नंगला में आयोजित कैम्प में 37 महिलाओं व 49 पुरुषों सहित कुल 86 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से अपील की गई कि यदि किसी को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसी समस्या हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि बीमारी का समय रहते उपचार किया जा सके। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि ऐसे कैंपों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी के मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें उचित उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। कैंप में डॉ. जगवीर सिंह, प्रदीप, निहाल खान, नितेश ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जांच कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।


जांच कराते ग्रामीण व मौजूद स्वास्थ्य टीम। -जागरण मोर्चा


श्री मदनमोहन महाराज के प्राचीन मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

# मदन मोहन जी के प्राचीन मंदिर में नई प्रतिमा की गई स्थापित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अक्षय तृतीया पर कैथल गेट स्थित नया मंदिर से विख्यात श्री मदन मोहन जी महाराज के प्राचीन मंदिर में श्री मदन मोहन जी महाराज की नई प्रतिमा स्थापित की गई। जिसमें बाबू ब्रजकिशोर परिवार द्वारा वैदिक रीति-रिवाज मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व विशेष पूजा अर्चना कर प्रतिमा को स्थापित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने ढोलक व मंजीरों की थाप पर भक्ति में भाव विभोर होकर भजन-कीर्तन किया। मंगलवार को श्री मदन मोहन जी महाराज का भोग लगाकर भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें स्व. बाबू ब्रजकिशोर के परिवार से राजकिशोर, प्रेम किशोर, नेम किशोर, गिरिराज किशोर, कमल किशोर, ललित किशोर, प्रभात किशोर आदि मौजूद रहे।

**जयंती** | **महापुरुष स्मारक समिति ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

# गुरु शंकराचार्य व महाकवि सूरदास की जयंती मनाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से आदि गुरु शंकराचार्य एवं महाकवि सूरदास की जयंती सीता रोड स्थित नीलम हास्पिटल में समारोह पूर्वक मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अथिति अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, हिंदू धर्म के प्रचारक, सनातन धर्म संस्कृति के रक्षक थे। उन्हें भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की। उनका जीवन का अधिकांश भाग उत्तर भारत में बीता। चार पीठों की स्थापना करना मुख्य रूप से उल्लेखनीय कार्य था। उन्होंने भारत के चारों कोनों पर चार मठों की स्थापना की। इसके अलावा पूरे देश में 12 ज्योतिर्लिंग की भी स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि महाकवि सूरदास की भक्ति काल के कवि हैं।


जयंती मनाते समिति पदाधिकारी।

उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर श्रंगार रस पर पद लिखे। उनके भजन समाज में लोगों की जुबान पर रहते हैं, जैसे मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो आदि शामिल है। सूरदास की प्रमुख रचनाओं में सूरसागर, सूर सारावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती आदि हैं। इस अवसर पर डा. अरविंद गुप्ता, सुरेश चंद्र शर्मा, डा. निशा गुप्ता, डा. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार, अश्विनी शर्मा, सरोज कुमारी, सपना, शोभा यादव, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# गांव में तेंदुए की दहशत, वन विभाग से पिंजरा लगाने की उठाई आवाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** तहसील क्षेत्र में लगातार तेंदुए दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तेंदुए ने कुछ दिन पूर्व ग्राम चंगेरी में एक पालतू कुत्ते को निवाला बनाया गया था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी तथा ग्रामीणों को सचेत किया था। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की हैं।

बीती रविवार देर रात ग्राम चंगेरी निवासी जयवीर सिंह परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। देर रात तेंदुआ घर में घुसा और उनके पालतू कुत्ते को उठा ले गया। कुत्ते की आवाज सुनकर परिजन उठे तो देखा कि तेंदुआ कुत्ते को मुंह में दबाकर जंगल की तरफ ले जा रहा है। सोमवार को सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सचेत किया कि वह अकेले जंगल ना जाएँ। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम दरियापुर, महदूद कलमी, राजीपुर खददर, पाइन्दापुर, रामसराय, सलेमपुर, फजलाबाद, बेगमपुर, मिश्रीपुर आदि कई दर्जन ग्रामों में तेंदुए की दहशत बरकरार है। वन विभाग की डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि इसके बाद कोई बड़ी दुर्घटना होती है तो जल्दी ही अधिकारियों की अनुमति लेकर पिंजरा लगाया जाएगा।

## एक नजर

### सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष ने राजेंद्र खड़गवंशी पर लगाए आरोप


अनुज त्यागी।

**हसनपुर।** समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अनुज त्यागी द्वारा प्रेस नोट की तैयारी करते हुए भाजपा विधायक भाई एवं गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी पर सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पिछले 9 वर्षों में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर अत्याचार किए, झूठे मुकदमे दर्ज कराए, ज़मीनों पर कब्ज़ा किया, राशन की दुकानों को ख़त्म कराया, पट्टे ख़ारिज करवाए और मदरसों पर बुलडोज़र चलवाए साथ ही गंगा किनारे पीढ़ियों से खेती कर रहे गुर्जर, धीमर, मल्लाह, कश्यप और मुस्लिम किसानों की ज़मीनें जबरन छीनकर अपने लोगों को बांटी है। उन्हें यह भ्रम बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि जनता सब कुछ भूल जाएगी या माफ़ कर देगी।

# हसनपुर विधानसभा में बड़ा सियासी उलटफेर

## भाजपा विधायक के भाई ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी पत्नी के साथ सपा में शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय


सपा की सदस्यता ग्रहण करते गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी एवं उनकी पत्नी हसनपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख निर्वेश देवी।

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले हसनपुर विधानसभा की राजनीति में बड़ा भूचाल आ गया है। हसनपुर से भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के छोटे भाई एवं गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी व उनकी पत्नी निर्वेश देवी ने मंगलवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। राजेंद्र खड़गवंशी के सपा में जाने के बाद भाजपा को तगड़ा झटका लगा है वहीं सपा की ताकत बड़ी है। राजेंद्र खड़गवंशी का सपा में जाना भाजपा के लिए एक बड़ा राजनीतिक नुकसान माना जा रहा है। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके दल बदलने की चर्चाएं थीं, लेकिन तब उन्होंने भाजपा के साथ खड़े रहने का निर्णय लिया था। अब चुनाव से पहले उनके इस कदम ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि खड़गवंशी परिवार का क्षेत्र के अन्य पिछड़ा वर्ग वोट बैंक पर मजबूत प्रभाव है, जिसका सीधा लाभ अब समाजवादी पार्टी को मिल सकता है।

वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजेंद्र खड़गवंशी के द्वारा सपा की सदस्यता ग्रहण करना 2027 के विधानसभा चुनाव की दावेदारी और अंतर कलह के संकेत दे रही है। चर्चा है कि राजेंद्र खड़गवंशी आगामी विधानसभा चुनाव में हसनपुर सीट से सपा के टिकट पर ताल ठोक सकते हैं। इस घटनाक्रम को भाजपा संगठन के भीतर चल रही आंतरिक खींचतान और असंतोष के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है। जहां एक ओर सपा इस बदलाव से उत्साहित है, वहीं भाजपा के सामने अपने इस मजबूत दुर्ग और वोट बैंक को बचाने की कड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। विधानसभा की राजनीति में इस फेरबदल के बाद समीकरण पूरी तरह बदलते नजर आ रहे हैं।

गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी द्वारा बताया गया कि सपा की नीतियों से प्रभावित होकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है अब क्षेत्र में समाजवादी पार्टी को और मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी द्वारा बताया गया कि गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का भारतीय जनता पार्टी से कोई मतलब नहीं है उन्हें सिर्फ पार्टी ने ब्लॉक प्रमुख बनाया था जब वह पार्टी की नीतियों से भटक गए तो उन पर शक्ति की गई तो वह और ठिकाना ढूंढने लगे थे।

# शिक्षकों ने घर-घर जगाई शिक्षा की अलख

जागरण मोर्चा कार्यालय


बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को जागरुक करते शिक्षक।

**हसनपुर।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'स्कूल चलो अभियान' के तहत मंगलवार को विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों ने गांव की गलियों में घूमकर अभिभावकों को अपने बच्चों का स्कूलों में नवीन नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया।

अभियान का मुख्य फोकस उन परिवारों पर रहा, जिनके 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चे किन्हीं कारणों से अभी तक शिक्षा की मुख्यधारा से नहीं जुड़ पाए हैं। शिक्षकों ने घर-घर जाकर शिक्षा के महत्व को समझाया और सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक रामवीर सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह एकमात्र सशक्त माध्यम है, जिससे गरीबी के चक्र को तोड़कर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि अप्रैल माह नामांकन के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय है और गांव का एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजकुमार, एसएमसी अध्यक्ष इंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अंजू, सहायक अध्यापक अमित कुमार, मनीष कुमार, रेनू कंसल, राशिद अली सहित डॉ. नरेंद्र सिंह, संतोष सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ब्याज वसूली के विरोध में सीएम को पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय


भारतीय किसान संघ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।मुरादाबाद मंडल के तीन जिलों अमरोहा, मुरादाबाद और संभल में सहकारी समितियों द्वारा ऋण पर 7% ब्याज वसूले जाने के विरोध में किसानों ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

किसान नेताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में किसानों से मात्र 3% ब्याज लिया जा रहा है, जबकि इन तीन जिलों के किसानों के साथ भेदभाव करते हुए 7% ब्याज वसूला जा रहा है। संघ ने मांग की है कि वसूली को 3% किया जाए और अब तक वसूले गए अतिरिक्त 4% ब्याज को तत्काल किसानों के खातों में वापस भेजा जाए। इसके अलावा, किसान क्रेडिट कार्ड रिन्यूअल के नाम पर बैंकों में हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने और लेखपालों द्वारा अंश बंटवारे में की गई त्रुटियों को गांव-गांव कैंप लगाकर सुधारने की मांग की गई।इस अवसर पर प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह, जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, और आरएसएस के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने संबोधित किया। प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान, लाखन सिंह, ओमवीर सिंह, कामेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गंगाराम, जगदीश सिंह और गुड्डू सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# नगर पालिका की लापरवाही से सड़कों पर बह रहा पानी, राहगीर परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका की अनदेखी और लापरवाही के चलते शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने से सड़कों पर पानी बह रहा है, जिससे एक ओर पानी की बर्बादी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि अग्रवाल सभा रोड पर दिनेश पुठिया की चक्की के पास पिछले दो दिनों से पानी की पाइपलाइन लगातार लीकेज कर रही है। सड़क पर पानी भर जाने से कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन गई है, जिससे पैदल चलने वालों के साथ-साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत नगर पालिका से कई बार की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों में नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। एक ओर भीषण गर्मी का प्रकोप है, वहीं दूसरी ओर पाइपलाइन लीकेज के कारण पेयजल की भारी बर्बादी हो रही है, जिससे कई इलाकों में पानी की किल्लत गहराने लगी है। नागरिकों का कहना है कि जहां एक तरफ पानी के लिए लोग जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर यूं ही पानी बहना प्रशासनिक उदासीनता को उजागर करता है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल लीकेज पाइपलाइन की मरम्मत कराने और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि राहत मिल सके और पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

# बदहाल रास्ता, पढ़ने को मजबूर बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय



नाले के गंदे पानी में होकर स्कूल जाते बच्चे। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाव के प्राथमिक विद्यालय में जलभराव की समस्या विकराल हो गई है। क्षेत्र के गांव मनौटा में स्थित प्राथमिक विद्यालय की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले का गंदा पानी भरा होने के कारण छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में मंगलवार को उत्तम सिंह प्रजापति ने भाजपा जिला अध्यक्ष को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की है। उत्तम सिंह ने बताया कि विद्यालय में बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन सड़क और नाला निर्माण न होने से पूरे रास्ते पर गंदगी का अंबार लगा रहता है। जिससे न केवल संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, बल्कि आए दिन छात्र एवं छात्राएं फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय मार्ग पर यथाशीघ्र पक्की सड़क और नाले का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होंगे।

▶ भाजपा जिलाध्यक्ष को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग

## सड़क हादसे में चाचा की मौत, भतीजा घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के दूल्हापुर-मडच्यो मार्ग पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार चाचा की मौत हो गई, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। बिजनौर के जहानाबाद निवासी नवनीत (25) अपने भतीजे विनीत के साथ टांडा अफजल गांव में एक रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। शाम को किसी काम से निकलते समय अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नवनीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनीत को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना से शादी वाले घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

**उपलब्धि** छुट्टियों में भी पढ़ाई और बच्चों को घर से केंद्र तक ले जाने का मिला फल

# अल्लीपुर खादर के शिक्षक राकेश कुमार को उत्कृष्ट सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय


लखनऊ में सम्मानित होते अध्यापक।

**हसनपुर।** विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ हसनपुर होमपाल सिंह ने बताया कि रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल इंदिरा नगर लखनऊ में आयोजित हुए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में कंपोजिट विद्यालय अल्लीपुर खादर और राकेश कुमार को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

होमपाल सिंह ने बताया कि यह हम सबके लिए बहुत गौरव की बात है कि विद्यालय स्टाफ की मेहनत से कंपोजिट विद्यालय अल्लीपुर खादर आज लखनऊ तक सम्मानित हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आय में योजना का आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा बच्चों को किताबें, शिक्षण सामग्री मॉडल पेपर से लेकर उनको अभिभावकों से बात करके छुट्टियों के दिनों में भी पढ़ना और बच्चों को परीक्षा केंद्र तक ले जाना और परीक्षा के पश्चात सब वापस घरों तक छोड़ना।

ये सारी व्यवस्था की गई और इसके परिणामस्वरूप आज हमने सर्वाधिक 8 बच्चों का चयन देकर जनपद में सर्वश्रेष्ठ परीक्षाफल दिया है। प्रधानाध्यापक होमपाल सिंह ने विद्यालय को सम्मान मिलने पर समस्त विद्यालय स्टाफ, बच्चों और ग्रामवासियों को बधाई दी और बताया कि भविष्य में और अच्छा परीक्षाफल देते रहेंगे। इसके साथ ही सभी से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा नामांकन कंपोजिट विद्यालय अल्लीपुर खादर में कराकर अच्छी शिक्षा और मजबूत भविष्य की नींव रखें।

# मकान दिलाने के नाम पर 38 लाख की ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** तिगरी एक्सटेंशन, दक्षिण दिल्ली निवासी एक व्यक्ति के साथ लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित सुलेमान पुत्र उस्मान ने बताया कि उसे ग्राम नयागांव अकबरपुर चौधरी निवासी कुछ व्यक्तियों ने फोन कर एक मकान दिखाने के लिए बुलाया। मकान पसंद आने पर आरोपियों ने 38 लाख रुपये में सौदा तय किया। आरोप है कि पीड़ित ने 8,02,000 रुपये नकद और 1,98,000 रुपये ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन बाद में आरोपी बैनामा कराने से मुकर गए। जांच करने पर पता चला कि मकान किसी नासिर नामक व्यक्ति के नाम पर है, जबकि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर मकान का सौदा किया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने मिलीभगत कर उक्त संपत्ति का एक अन्य रजिस्टर्ड एग्रीमेंट 13 नवंबर 2025 को अन्य व्यक्तियों के नाम कर दिया और उसकी रकम भी वापस नहीं की। पीड़ित का कहना है कि आरोपी गिरोह बनाकर फर्जी जमीन और मकान दिखाकर लोगों को ठगते हैं। उसने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने तथा उसकी रकम ब्याज सहित वापस दिलाने की मांग की है।

## संक्षेप समाचार

### बारात में हुई आतिशबाजी से कोल्हू की खोई में लगी आग, लाखों का नुकसान


कोल्हू की खोई में लगी आग।

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आई बारात के स्वागत के दौरान हुई आतिशबाजी एक कोल्हू संचालक के लिए भारी पड़ गई। आतिशबाजी की चिंगारी से खोई के ढेर में भीषण आग लग गई, जिससे संचालक को लाखों रुपये की क्षति हुई है। जानकारी के अनुसार गांव मंगरौली निवासी उमर ने गांव हथियाखेड़ा स्टैंड के पास अपना गन्ना कोल्हू लगा रखा है। मंगलवार की दोपहर यहाँ एक बारात का आगमन हुआ था। स्वागत के दौरान बारात में शामिल एक व्यक्ति ने गोला छोड़ा, जिसकी चिंगारी पास ही मौजूद सूखी खोई के विशाल ढेर पर जा गिरी। सूखी खोई होने के कारण आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों और कोल्हू कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर डायल 112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची, मगर तब तक लाखों की खोई जलकर राख हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर जांच में जुटी है। फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई है।

### जमीनी विवाद के चलते भतीजों ने चाचा को पीट कर किया घायल, चाचा ने दी तहरीर

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में जमीनी विवाद के चलते भतीजों ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल चाचा कोतवाली पहुंचा और आरोपी भतीजों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई, पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी बलवंत तीन भाई हैं तीनों भाइयों ने पूर्व में अपनी जमीन का बंटवारा कर लिया था, जिस पर तीनों भाई काबिज हैं। पीड़ित बलवंत द्वारा अपनी भूमि पर कुछ पेड़ लगा रखे हैं, जिनको पानी देने के लिए मंगलवार की सुबह वह खेत पर गया, तभी उसके बड़े भाई के दोनों बेटे आ गए और उसके साथ कहा सुनी के बाद मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान बलवंत घायल हो गया, इसके बाद बलवंत कोतवाली पहुंचा और आरोपी भतीजों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बारात से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला और लूट

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक और उसके साथियों के साथ मारपीट व लूटपाट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अब कोर्ट के आदेश पर गांव कालाखेड़ा निवासी दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी अब्दुल हक ने बताया कि 25 मार्च को वह पड़ोसी गांव कालाखेड़ा में एक बारात में शामिल होने गया था। शाम करीब 3 :30 बजे जब वह वापिस लौट रहा था, तभी आरोपी शहजाद, सारिक, मोंटी, कुंदन समेत दस लोगों ने लाठी–डंडों से लैस होकर उसका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। बीच–बचाव करने आए शारिक और सलमान को भी गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावरों ने पीड़ित की जेब से 5100 रुपये भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि थाने और एसपी कार्यालय में गुहार लगाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अंततः न्यायिक मजिस्ट्रेट, हसनपुर के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।


शिविर को संबोधित करते अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह।

### जनगणना को लेकर कर्मियों का प्रशिक्षण शुरू, डिजिटल डेटा संग्रह पर दिया गया विशेष जोर

**हसनपुर।** आगामी राष्ट्रीय जनगणना को त्रुटिरहित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में नगर क्षेत्र के प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया, इस शिविर में प्रतिदिन जनगणना के तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आदि शास्त्री अधिकारी विजयपाल सिंह के द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि जनगणना राष्ट्र के नियोजन एवं विकास की आधारशिला है। अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पचास पचास के छोटे–छोटे बैच बनाए गए हैं, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा संग्रह और मकान सूचीकरण के 34 बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसी के साथ उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### जनगणना को लेकर किया गया प्रशिक्षित

**गजरौला।** नगर के खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में 'जनगणना 2027' के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रशिक्षण प्रभारी/ नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने कहा कि प्रत्येक प्रगणक एवं सुपरवाइजर अपने आवंटित क्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें। उन्होंने जनगणना की तकनीकी बारीकियों, डेटा संग्रहण एवं प्रपत्रें को शुद्धता के साथ भरने हेतु विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने स्पष्ट किया कि जनगणना राष्ट्र के नियोजन का आधार है, इसीलिए इसमें त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने शिक्षा विभाग की ओर से प्रगणकों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन बनाए रखते हुए सभी प्रगणकों ने जनगणना कार्य को निर्धारित मानकों के अनुसार पूर्ण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिविर में फील्ड ट्रेनर अवधेश कुमार एवं नवनीत कुमार, लिपिक ललित कुमार, रविन्द्र सिहं व अक्षय शुक्ला, दीपू कुमार, कपिल भटनागर, सुमित एवं प्रगणकों सहित सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### बाजार में खरीदारी के दौरान महिला के बैग से 75 हजार रुपये चोरी, मां-बेटी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** नगर के व्यस्त मस्जिद छिपीयान बाजार में खरीदारी के दौरान एक महिला के बैग से 75,000 रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। अब्दुल्लापुर लेदा निवासी शहाना बेगम 8 फरवरी को एक दुकान पर सामान देख रही थीं, तभी वहां मौजूद दो शातिर महिलाओं ने उनके बैग से नकदी साफ कर दी। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय इनपुट की मदद से जांच शुरू की। पुलिस ने मोहल्ला बहेड़ा वाला निवासी नूर अफशा और उसकी मां फातिमा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

संपादकीय

# बाहरी झटकों से जूझती भारतीय अर्थव्यवस्था

भारत की अर्थव्यवस्था को एक अप्रत्याशित झटका लगा है। कुछ समय पहले तक देश वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में चौथे स्थान पर पहुंचने की दहलीज पर खड़ा था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने इस आशावाद को झकझोर दिया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों को ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, जिससे भारत की वह पुरानी कमजोरी फिर उजागर हुई है यानी आयातित ऊर्जा, विदेशी निवेश और प्रेषणों पर अत्यधिक निर्भरता। तेल की कीमतों में उछाल का सीधा असर चालू खाते के घाटे पर पड़ा है। साथ ही वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने उभरते बाजारों से पूंजी निकालनी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ा और रुपया डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक गिरावट के स्तर तक पहुंच गया। मुद्रा के इस अवमूल्यन ने भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक मूल्यांकन को भी प्रभावित किया, जिससे भारत एक बार फिर छठे स्थान पर खिसक गया। हालांकि यह रैंकिंग वास्तविक आर्थिक क्षमता का पूर्ण प्रतिबिंब नहीं होती, फिर भी यह राष्ट्रीय आत्मविश्वास और वैश्विक प्रतिष्ठा से जुड़ी होती है। दिलचस्प यह है कि 2016 में ब्रेक्सिट के बाद पाउंड की कमजोरी ने भारत को छठे स्थान पर पहुंचाया था और अब मुद्रा के उतार-चढ़ाव ने उसे पीछे धकेल दिया है। यह घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि बाहरी झटकों के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था अब भी संवेदनशील बनी हुई है। इसके बावजूद भारत की विकास दर 6-7 प्रतिशत के आसपास बनी रहने का अनुमान है और 2028 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य यथावत है। किंतु यह भी उतना ही स्पष्ट है कि आयातित कच्चे तेल पर निर्भर विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि भारत को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता हासिल करनी है, तो उसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में नवीन तकनीकों, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों और संरचनात्मक सुधारों की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे। तभी भारतीय अर्थव्यवस्था को तेज और टिकाऊ गति मिल सकेगी।

# अस्थिर दुनिया में आईएमईसी नया विकल्प

वैश्विक अर्थव्यवस्था आज बहुस्तरीय दबावों से गुजर रही है। एक ओर भू-राजनीतिक तनावों ने व्यापारिक प्रवाह बाधित किया है, तो दूसरी ओर समुद्री मार्गों की असुरक्षा ने ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। खाद्य संकट, बढ़ती परिवहन लागत और अनिश्चित कूटनीतिक समीकरणों के बीच विकासशील देशों विशेषकर भारत के सामने यह चुनौती और भी गहरी हो जाती है कि वह अपना आर्थिक विकास किस तरह स्थिर रखे। ऐसे में वैकल्पिक मार्गों की तलाश केवल विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक जरूरत बन चुकी है। इसी संदर्भ में इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) एक दूरदर्शी पहल है। नई दिल्ली में 2023 के जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की गई थी, जिसमें भारत, अमेरिका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और यूरोपीय देशों ने मिलकर एक ऐसे बहुआयामी गलियारे की कल्पना की जो एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप को आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से जोड़े। यह केवल एक व्यापारिक परियोजना नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने की महत्वाकांक्षी कोशिश है।

दरअसल, यह समुद्री और रेल मार्गों का एक हाइब्रिड तंत्र है, जिसमें जहाज, रेल, सड़क, पाइपलाइन, पनडुब्बी केबल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का समन्वय है। पूर्वी गलियारा भारत को खाड़ी देशों से जोड़ता है, जबकि उत्तरी गलियारा संयुक्त अरब अमीरात से सऊदी अरब, जॉर्डन व इजराइल होते हुए यूरोप तक जाता है। वर्तमान वैश्विक संदर्भ ने आईएमईसी की प्रासंगिकता को और अधिक बढ़ा दिया है। लाल सागर में बढ़ते हमले, होर्मुज और बाब-अल-मंदेब जैसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट्स पर तनाव और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार को जोखिम में डाल दिया है। विश्व का लगभग 20% तेल होर्मुज से गुजरता है, जबकि बाब-अल-मंदेब से तेल और इंटरनेट ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा संचालित होता है। इन मार्गों पर अस्थिरता का अर्थ है लंबे रास्ते, बढ़ती लागत और बाधित आपूर्ति श्रृंखला। भारत, जिसका लगभग 95% व्यापार समुद्री मार्गों पर निर्भर है, इस स्थिति से विशेष रूप




से प्रभावित होता है। ऐसे में आईएमईसी एक वैकल्पिक, तेज और अपेक्षाकृत सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है। यह न केवल लॉजिस्टिक लागत को कम करेगा, बल्कि यूरोप तक भारतीय निर्यात की पहुंच को भी तेज बनाएगा। साथ ही, ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह मध्य पूर्व से तेल और गैस की आपूर्ति के नए मार्ग खोल सकता है।

आईएमईसी को चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के विकल्प के रूप में भी देखा जा रहा है। जहां बीआरआई पर अक्सर ऋण-निर्भरता व राजनीतिक प्रभाव विस्तार के आरोप लगते रहे हैं, वहीं आईएमईसी बहुपक्षीय सहयोग, पारदर्शिता और साझा लाभ के सिद्धांतों पर आधारित है। यह पहल एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का प्रतीक है, जिसमें कोई एक शक्ति नहीं, बल्कि सहयोगी वैश्विक व्यवस्था को आकार दे। इस परियोजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू भू-राजनीतिक प्रभाव है। यह सऊदी अरब और इजराइल के बीच संभावित सामान्यीकरण की प्रक्रिया को भी गति दे सकता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अहम है। इतना ही नहीं, सऊदी अरब के 'विजन 2030' जैसे कार्यक्रमों के तहत आर्थिक विविधीकरण के प्रयासों का समर्थक भी है। मध्य-पूर्व में बढ़ते चीनी निवेशों के बीच आईएमईसी एक संतुलन के रूप में उभर सकता है, जो निवेश और साझेदारी के नए आयामों की संभावना है।

हाल के वर्षों में इसे गति देने के संकेत भी मिले हैं। भारतज-यूरोप के बीच बढ़ते व्यापारिक सहयोग, खाड़ी देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी और बंदरगाहों के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाए गए कदम बताते हैं कि आईएमईसी केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे वास्तविक रूप ले रहा है। हालांकि इसकी राह में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। क्षेत्रीय अस्थिरता, वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था और देशों के बीच समन्वय बड़ी चुनौती हैं। मिडिल-ईस्ट संघर्ष इस परियोजना की गति को प्रभावित कर सकता है। फिर भी, भागीदार देशों की प्रतिबद्धता और रणनीतिक दृष्टि इसे आगे बढ़ाने में सहायक हो सकती है। वास्तव में, आईएमईसी केवल एक आर्थिक गलियारा नहीं, बल्कि नई वैश्विक संरचना का आधार बन सकता है। यह भारत के लिए न केवल आर्थिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा का माध्यम है, बल्कि वैश्विक संतुलन में उसकी भूमिका को सशक्त करने का अवसर भी है। जब समुद्री मार्ग असुरक्षित हो रहे हैं, तब आईएमईसी एक ऐसे भविष्य की राह है, जहां कनेक्टिविटी, सहयोग और रणनीतिक संतुलन मिलकर नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि**:- समय की अनुकूलता लगातार बनी हुई है कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा प्रेम संबंध शानदार बने रहेंगे।
- **वृषभ राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार आपके पक्ष में आ चुकी है विरोधी पक्ष कमजोर रहेगा कामकाज बढ़िया रहेगा।
- **मिथुन राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है तनाव और परेशानियों में कमी आ सकती है परंतु जरूरी काम अभी भी करने से बचें।
- **कर्क राशि**:- समय कमजोर हो रहा है, अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न होने से मन तनाव से ग्रस्त रह सकता है प्रेम संबंधों से बचें।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज से आपके पक्ष में आ रहे हैं परेशानियां कम होंगी लोग आपकी सहायता करेंगे।
- **कन्या राशि**:- समय आज दोपहर से शुभ हो रहा है सुबह मन अशांत रह सकता है बहस करने से बचें शाम से समय बेहद शानदार है।
- **वृश्चिक राशि**:- समय की अनुकूलता जारी है जितने आपके आवश्यक कार्य हैं, एक-दो दिन में अवश्य कर लें प्रॉपर्टी से जुड़े हुए कार्यों में लाभ होगा।
- **धनु राशि**:- सितारे आज दोपहर बाद से बेहद शुभ होने जा रहे हैं जितने जरूरी काम हैं, दोपहर बाद ही करें माता से जुड़े हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।
- **मकर राशि**:- सितारों की प्रतिकूलता लगातार आपके पक्ष में बनी रहने के चलते कामकाज बाधित हो रहे हैं पर चिंता न करें शाम से समय स्वतः ही ठीक होगा।
- **कुंभ राशि**:- ग्रहों की अनुकूलता आज पूरे दिन भर बनी रहेगी इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने जरूरी निर्णय और कार्य तेजी से संपन्न करें।
- **मीन राशि**:- समय बेहद शानदार बना हुआ है स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा कामकाज बढ़िया रहेगा प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **तुला राशि**:- समय की अनुकूलता आज बेहद शानदार बनी रहेगी लोग आपकी प्रशंसा करेंगे विरोधी पक्ष कमजोर रहेंगे।

# होर्मुज तनाव भारत के लिए कूटनीतिक चुनौती



होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ता तनाव वैश्विक राजनीति की बदलती दिशा का संकेत है। ईरान द्वारा भारतीय जहाजों को रोकने की घटना केवल क्षेत्रीय विवाद नहीं, बल्कि महाशक्तियों के टकराव, संप्रभुता की रक्षा और समुद्री कानूनों की चुनौती का प्रतीक बनकर उभरी है, जो भारत की रणनीतिक संतुलन नीति और ऊर्जा हितों की परीक्षा लेती है।


ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को रोकने और उन पर आक्रामक रुख अपनाने की हालिया घटना महज समुद्री सुरक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि पश्चिम एशिया की जटिल भू-राजनीति का एक गहरा संकेत है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में उभरा है, जब अमेरिका और ईरान के बीच संवाद और टकराव समानांतर रूप से चल रहे हैं तथा दोनों के बीच अविश्वास की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है। अमेरिकी नेतृत्व के बयानों में बार-बार यह दावा किया जाता रहा है कि ईरान ने उनकी शर्तों को स्वीकार कर लिया है, जबकि ईरान हर वार स्पष्ट रूप से अपनी संप्रभुता और रणनीतिक हितों से समझौता करने से इनकार करता रहा है। विशेषकर अपने समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों पर बाहरी निगरानी को वह सीधा हस्तक्षेप मानता है। यही परस्पर विरोधी दृष्टिकोण इस पूरे संकट की जड़ बन गया है। एक ओर अमेरिका वैश्विक सुरक्षा के नाम पर अपनी शर्तों को थोपना चाहता है, तो वहीं ईरान इसे अपनी स्वतंत्रता और राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के रूप में देखता है।

**होर्मुज** जलडमरूमध्य, जो विश्व के ऊर्जा आपूर्ति तंत्र की धुरी माना जाता है, लंबे समय से सामरिक दबाव और शक्ति प्रदर्शन का केंद्र रहा है। ऐसे में भारतीय जहाजों, जो किसी सैन्य गतिविधि से जुड़े नहीं हैं, को रोकना या उनके मार्ग में बाधा डालना न केवल अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि भारत जैसे ऊर्जा-निर्भर देश के लिए गंभीर चुनौती भी उत्पन्न करता है। भारत और ईरान के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत, बहुआयामी और सहयोगपूर्ण रहे हैं। ऊर्जा, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच घनिष्ठता रही है। भारत ने हाल के वर्षों में संतुलित कूटनीति अपनाते हुए अमेरिका और ईरान, दोनों के साथ अपने संबंधों को साधने का प्रयास किया है। किंतु इस प्रकार की घटनाएं भारत के लिए असहज स्थिति पैदा करती हैं, क्योंकि इससे न केवल द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित होता है, बल्कि भारत की तटस्थ छवि पर भी प्रश्न उठ सकते हैं। विशेष चिंता की बात यह है कि हाल ही में उच्च स्तरीय वार्ताओं में समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर सहमति बनने के बावजूद ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

**इससे** यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि क्षेत्र में स्थिरता अभी भी दूर की संभावना है। यदि युद्धविराम या संवाद की प्रक्रिया भी अस्थायी और अविश्वसनीय बनी रहती है, तो भविष्य में और अधिक टकराव की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत के लिए इस पूरे घटनाक्रम का सबसे संवेदनशील पक्ष उसकी ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक प्रतिष्ठा और समुद्री व्यापार है। उसे अपने जहाजों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कूटनीतिक संतुलन बनाए रखना होगा। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता, सुरक्षित आवाजाही और नियम-आधारित व्यवस्था का मुद्दा मजबूती से उठाना आवश्यक होगा। कुल मिलाकर होर्मुज जलडमरूमध्य की यह घटना केवल क्षेत्रीय तनाव नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन, संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की परीक्षा है। भारत को इस जटिल परिदृश्य में सूझबूझ, संयम और दृढ़ता के साथ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, ताकि वह किसी बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष का अनचाहा भागीदार न बने और अपनी रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रख सके।

■ हरिनारायण मिश्रा

तकनीक



# रोबोटिक्स
# बदलती दुनिया में मशीनों की भूमिका


आज की तेजी से बदलती दुनिया में तकनीकी विकास ने हमारे जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित किया है। इनमें से एक सबसे महत्वपूर्ण और उभरती हुई तकनीक 'रोबोटिक्स' है। रोबोटिक्स का अर्थ है, ऐसे स्वचालित यांत्रिक उपकरणों का निर्माण, जो मानव कार्यों को सहज और अधिक प्रभावी तरीके से कर सकते हैं। इस तकनीक ने न केवल उद्योगों में बदलाव लाया है, बल्कि हमारे दैनिक जीवन में भी कई नए अवसर उत्पन्न किए हैं। आइए, हम समझते हैं कि रोबोटिक्स कैसे हमारी जीवनशैली में परिवर्तन ला रही है।

## स्वचालन और उत्पादकता में वृद्धि

रोबोटिक्स ने औद्योगिक उत्पादन में एक नया अध्याय जोड़ा है। पहले जहां मनुष्य ही हर कार्य करता था, अब रोबोट्स ने इसे स्वचालित बना दिया है। मैन्युफैक्चरिंग, कार असेंबलिंग, पैकेजिंग और कई अन्य क्षेत्रों में रोबोट्स का उपयोग होने से उत्पादकता में भारी वृद्धि हुई है। इससे उत्पादन की लागत में कमी आई है और गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है।

## स्वास्थ्य सेवा में योगदान

रोबोटिक्स का सबसे अहम योगदान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में देखा जा सकता है। अब रोबोट्स डॉक्टरों की मदद करने में सक्षम हैं, जिससे सर्जरी की सटीकता और गति में सुधार हुआ है। 'मिनिमली इनवेसिव सर्जरी' जैसे प्रक्रियाओं में रोबोट्स का उपयोग बढ़ा है, जहां छोटे उपकरणों के द्वारा कम से कम शारीरिक कटाई के साथ सर्जरी की जाती है। इससे मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं और अस्पताल में भर्ती होने की अवधि भी कम हो जाती है।



## घरेलू उपयोग में रोबोट्स

आजकल रोबोट्स का उपयोग केवल उद्योगों में ही नहीं, बल्कि हमारे घरों में भी होने लगा है। रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर, स्मार्ट किचन उपकरण और सेल्फ-ड्राइविंग कारें इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। ये उपकरण हमारे जीवन को आसान और अधिक सुविधाजनक बना रहे हैं। अब हमें रोजाना के कामों में बहुत समय और मेहनत बचती है, क्योंकि रोबोट्स ने इन कार्यों को स्वचालित और तेज बना दिया है।

## शिक्षा और शोध में रोबोटिक्स

रोबोटिक्स ने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अब छात्र रोबोटिक्स की शिक्षा प्राप्त करते हैं, जिससे वे तकनीकी कौशल और समस्याओं को हल करने की क्षमता विकसित करते हैं। यह तकनीक छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और अनुसंधान में भी मदद करती है, क्योंकि रोबोट्स का उपयोग अब शोध में भी किया जा रहा है, जैसे कि 'अंतरिक्ष अन्वेषण' और 'गहरे समुद्र में खोज'। इसके अलावा, विद्यार्थियों को कोडिंग, गणित, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे विषयों में भी सशक्त किया जा रहा है।

## चुनौतियां और भविष्य

हालांकि रोबोटिक्स का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। जैसे रोजगार का संकट, नैतिकता संबंधी मुद्दे और डेटा सुरक्षा जैसे मसले हैं जिन पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। जब रोबोट्स ने कई क्षेत्रों में मानव श्रम को प्रतिस्थापित किया है, तो इसके परिणामस्वरूप रोजगार की कमी हो सकती है। इसके अलावा, रोबोट्स द्वारा एकत्रित किए गए डेटा की सुरक्षा और इसका दुरुपयोग भी एक गंभीर चिंता का विषय है।

## मनुष्य और रोबोट्स का सहजीवन

रोबोटिक्स के बढ़ते प्रभाव के साथ एक सवाल उभरता है कि क्या रोबोट्स मनुष्य की जगह ले सकते हैं? यह एक महत्वपूर्ण विचारणीय प्रश्न है, लेकिन इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है। हालांकि, रोबोट्स ने बहुत सारे कार्यों को सरल और तेज बना दिया है, फिर भी वे भावनाओं, सहानुभूति और जटिल निर्णय लेने की क्षमता में मनुष्यों से काफी पीछे हैं। इसलिए यह कहना गलत होगा कि रोबोट्स पूरी तरह से मनुष्य की भूमिका ले सकते हैं। इसके बजाय, दोनों के बीच 'सहजीवन' की संभावना अधिक है, जहां रोबोट्स और मनुष्य मिलकर काम करते हैं, एक-दूसरे की कमजोरियों को पूरा करते हैं।

# जीवाष्म ईंधन
# विकास की चमक या विनाश की आहट?



आधुनिक सभ्यता की चमक-दमक, तेज रफ्तार परिवहन, ऊंची-ऊंची इमारतें और उद्योगों का विस्तार, इन सबके पीछे यदि किसी अदृश्य शक्ति का सबसे बड़ा हाथ है, तो वह है जीवाष्म ईंधन। कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस ने मानव जीवन को अभूतपूर्व गति दी है। औद्योगिक क्रांति से लेकर आज के डिजिटल युग तक, इन ईंधनों ने विकास की ऐसी नींव रखी है, जिस पर पूरी आधुनिक दुनिया खड़ी है। आज बिजली से लेकर इंटरनेट तक, हर सुविधा कहीं न कहीं इन संसाधनों से जुड़ी हुई है। लेकिन यही नींव अब धीरे-धीरे दरकती हुई भी दिखाई दे रही है। जीवाष्म ईंधन करोड़ों वर्षों में बने प्राकृतिक संसाधन हैं, जिन्हें हम कुछ ही शताब्दियों में समाप्त करने की ओर अग्रसर हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग ने इन संसाधनों के अंधाधुंध दोहन को जन्म दिया है। परिणामस्वरूप, न केवल इनके भंडार सीमित हो रहे हैं, बल्कि इनके उपयोग से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन ने पृथ्वी के वातावरण को भी असंतुलित कर दिया है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा संकट और गहरा सकता है। विकास की यह दौड़ अब पर्यावरणीय संकट में बदलती जा रही है।



## आम नागरिकों की भूमिका

भारत जैसे विकासशील देशों के लिए यह चुनौती और भी जटिल है। यहां एक ओर विकास की आवश्यकता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी। सरकारें नीतियां बना रही हैं, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन जब तक आम नागरिक अपनी आदतों में बदलाव नहीं लाते, तब तक यह प्रयास अधूरे ही रहेंगे। ऊर्जा की बचत, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता अब समय की मांग बन चुकी है। छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं।

## आने वाली पीढ़ियों को दें सुरक्षित धरती

कुल मिलाकर जीवाष्म ईंधन केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि एक दुविधा का प्रतीक बन चुके हैं यानी विकास की नींव या विनाश की शुरुआत। यह निर्णय अब मानवता के हाथ में है कि वह किस दिशा में आगे बढ़ना चाहती है। यदि हमने समय रहते सही कदम नहीं उठाए, तो विकास की यह चमक एक दिन अंधकार में बदल सकती है। इसलिए अब आवश्यकता है जागरूकता, संतुलन और सतत विकास की दिशा में ठोस प्रयासों की, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी मिल सके।

## समस्याओं का जनक है जीवाष्म ईंधन

एक ओर जीवाष्म ईंधन ने उद्योगों को गति दी, रोजगार के अवसर पैदा किए और अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, वहीं दूसरी ओर इसने प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दिया। शहरों की हवा जहरीली हो चुकी है, नदियां दूषित हो रही हैं और प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति बढ़ती जा रही है। ध्रुवीय बर्फ का पिघलना और समुद्र स्तर का बढ़ना भी इसी संकट के संकेत हैं। यह स्थिति इस सवाल को जन्म देती है, क्या हम विकास के नाम पर अपने ही अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं?



## कैसे बनाएं विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन

आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा अब उम्मीद की किरण बनकर उभर रहे हैं। ये न केवल स्वच्छ हैं, बल्कि अक्षय भी हैं और दीर्घकाल में अधिक टिकाऊ साबित हो सकते हैं। लेकिन इनकी ओर संक्रमण आसान नहीं है, क्योंकि जीवाष्म ईंधन पर हमारी निर्भरता बहुत गहरी हो चुकी है। तकनीकी और आर्थिक बाधाएं भी इस परिवर्तन को धीमा करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 49 बुलेट समेत 5 हजार से अधिक ड्राइवरों पर शिकंजा, 14 वाहन किए सीज

**नोएडा, एजेंसी।** बुलेट मोटरसाइकिल में माडिफाई साइलेंसर लगवाकर फर्राटा भरने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने



रविवार को सख्ती बरती। नोएडा में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 49 बुलेट मोटरसाइकिल के चालान किए। साथ ही पुलिस ने 5474 वाहनों के चालान काटे और 14 वाहनों को सीज किया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस टीम ने रविवार को अभियान चलाकर मैनुअल तरीके से 2183 और आईटीएमएस कैमरों से 3291 वाहनों के चालान किए। साथ ही यातायात नियमों का पालन किए बिना दौड़ रहे 14 वाहनों को सीज भी किया। बताया कि इनमें बिना हेलमेट वाले 2307, ओवरस्पीड में चलने वाले 395, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 57 वाहन शामिल रहे, जबकि प्रेशर हॉर्न लगवाकर चलने 64 वाहनों पर भी कार्रवाई की। डीसीपी ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर सख्ती बरती जाएगी। किसी भी हाल में यातायात नियमों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गाजियाबाद में वाहन सत्यापन के बाद शपथ पत्र देने से कतरा रहे स्कूल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** स्कूली वाहन सत्यापन अभियान खत्म हुआ, बसों की जांच भी हो गई। लेकिन जब अपनी बसों की सही संख्या लिखकर शपथ देने की बारी आई तो गाजियाबाद को छोड़ पास के कई जिलों के स्कूल पीछे हट गए। गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर में शपथ पत्र अपलोड न होने से सवाल उठ रहे हैं कि क्या पोर्टल पर दर्ज बसों से ज्यादा वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। गाजियाबाद संभाग के अंतर्गत चार जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर शामिल हैं। एक से 15 अप्रैल तक चले विशेष स्कूली वाहन सत्यापन अभियान के बाद परिवहन विभाग को उम्मीद थी कि स्कूल प्रबंधन यूपी-आइएसवीएमपी पोर्टल पर अनिवार्य शपथ पत्र अपलोड कर देंगे। यह शपथ पत्र इस बात की लिखित गारंटी होता है कि स्कूल में जितने भी वाहन बच्चों के परिवहन में लगाए जा रहे हैं, वही संख्या पोर्टल पर दर्ज और सत्यापित है। अभियान समाप्त होने के बाद सामने आए आंकड़ों ने विभागीय अधिकारियों को भी चौंका दिया। जिला गाजियाबाद में 2713 स्कूलों में से 2332 ने शपथ पत्र अपलोड किए हैं। गौतमबुद्धनगर में 1997 स्कूलों में से केवल 307 ने शपथ पत्र दिए हैं। हापुड़ में 1415 में से मात्र 127 स्कूलों ने यह प्रक्रिया पूरी की। वहीं बुलंदशहर में 4086 स्कूलों में से केवल 156 का ही सत्यापन शपथ पत्र के साथ पूरा हो पाया है। विभागीय स्तर पर यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ स्कूलों ने पोर्टल पर वाहनों की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं की है। ऐसे में शपथ पत्र देने का मतलब होगा वास्तविक संख्या को स्वीकार करना। यही वजह है कि कई स्कूल शपथ पत्र अपलोड करने से बच रहे हैं। कुछ मामलों में यह भी संभावना जताई जा रही है कि जर्जर, पुराने या मानकों के विपरीत वाहन अभी भी बच्चों को ढो रहे हैं। शपथ पत्र के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को यह घोषित करना पड़ता है कि पोर्टल पर दर्ज वाहनों के अलावा कोई अन्य वाहन संचालित नहीं है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन स्कूलों के वाहनों का सत्यापन हो चुका है, उनके लिए शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

# नीमराणा में भी मजदूरों का हल्लाबोल, वेतन वृद्धि की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, सड़क भी जाम

**अलवर , एजेंसी।** राजस्थान के अलवर जिले के नीमराणा क्षेत्र में इंडियन जॉन और जापानी जोन की कंपनी हैलोज पैकेजिंग और जापानी कंपनी एस्टमो कंपनी में आज एक बार फिर श्रमिक असंतोष देखने को मिला है। सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में मजदूरों ने कंपनी के मेन गेट के बाहर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध जताया। साथ ही सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे उनका जीवनयापन कठिन हो गया है।

### अलर्ट मोड पर प्रशासन

मजदूरों के इस प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। नीमराणा एसडीएम महेंद्र यादव और एडिशनल एसपी सुरेश खींची सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से समझाइश कर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की।

### दो दिन पहले भी नीमराणा की एक कंपनी में हुआ था प्रदर्शन

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नीमराणा की निडेक कंपनी में भी मजदूरों का बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें श्रमिकों ने वेतन वृद्धि



सहित अन्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। उस घटना के बाद से ही प्रशासन सतर्क हो गया था और क्षेत्र की अन्य कंपनियों में भी संभावित विरोध को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी के चलते एस्टमो कंपनी में हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पहले से तैयार नजर आया।

### 6 लोगों को हिरासत में ले लिया

प्रदर्शन के दौरान कुछ मजदूरों ने उग्र रुख अपनाने की कोशिश की, जिसे देखते हुए पुलिस ने सख्ती बरती और 6 लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन बाद में हालात नियंत्रण में आ गए। प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मजदूरों ने लगाया मांगों की अनसुनी का आरोप

मजदूरों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन से संवाद करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटें संवेदनशील घोषित

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटों को चुनाव आयोग ने खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग को लगता है कि इन सीटों पर खर्च उम्मीदवारों की ओर से लिमिट से ज्यादा हो सकता है। यही नहीं चुनाव में खर्च पर निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग ने 100 पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया है। ऐसा पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 5 राज्यों में फिलहाल चुनाव हो रहे हैं और सबसे ज्यादा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति बंगाल में ही की गई है।

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि अवैध कैश, शराब, फ्री बांटने वाली वस्तुएं और मादक पदार्थों की पकड़ बंगाल में बढ़ी है। तमिलनाडु के बाद बंगाल इस मामले में दूसरे नंबर पर आ गया है। अब तक सभी चुनावी राज्यों को मिलाकर 1,281 करोड़ रुपये की खेप पकड़ी जा चुकी है। इनमें पहले नंबर पर तमिलनाडु है और फिर बंगाल का स्थान आता है। खबर है कि इस 1,281 करोड़ रुपये की सामग्री में से 105 करोड़ रुपये के बेशकीमती जवाहरात हैं तो वहीं 178 करोड़ रुपये का ऐसा सामान बरामद हुआ है, जिसे चुनाव में फ्री बांटा जाना था। अकेले बंगाल में ही 17 अप्रैल तक 430 करोड़ रुपये के सामान की बरामदगी हुई थी।

यही कारण है कि तमाम सीटों को चुनाव आयोग ने अब खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आयोग को लगता है कि



यदि निगरानी नहीं की गई तो फिर वोटरों को लुभाने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल बढ़ सकता है। आयोग ने जिन सीटों को संवेदनशील घोषित किया है, उनमें सीमांत क्षेत्र उत्तर 24 परगना, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं। इन इलाकों से बड़ी संख्या में कैश समेत अवैध चीजें बरामद की गई हैं। इसके अलावा 8 सीटें ऐसी हैं, जो बांग्लादेश सीमा से लगती हैं। इन सीटों में बिधाननगर, राजरहाट-न्यूटाउन, बारासात, मध्यमग्राम, भाटपारा, गैघाता, उत्तर बशीरहाट शामिल हैं।

## राजस्थान में भाई ने बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला; हत्या कर शव के पास बैठा रहा

**श्रीगंगानगर, एजेंसी।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में जमीन विवाद ने खून का रिश्ता भी तार-तार कर दिया। रावला थाना क्षेत्र के गांव 8 डीओएल में एक भाई ने अपनी ही बड़ी बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही बैठा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सुरेंद्र (25) ने अपनी बहन मंजू (27) को जमीन से उत्पादित गेहूं का हिस्सा देने के बहाने घर बुलाया था। रविवार शाम करीब 7 बजे मंजू अपने लिव-इन पार्टनर के साथ भाई के घर पहुंची थी। कुछ देर बाद पार्टनर बाहर चला गया, तभी घर के अंदर यह खौफनाक वारदात हुई। डीएसपी प्रशांत कौशिक के अनुसार, बहन-भाई के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम को जब मंजू ने अपने हिस्से की मांग की, तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सुरेंद्र ने आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से मंजू के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले के दौरान मंजू की चीख सुनकर उसका लिव-इन पार्टनर दौड़कर अंदर पहुंचा। उसने मंजू को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा, जबकि सुरेंद्र के हाथ में खून से सनी कुल्हाड़ी थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी प्रशांत कौशिक और स्ढ्ढ गिरधारी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि आरोपी सुरेंद्र घटनास्थल पर ही शव के पास बैठा हुआ था। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र बीएसटीसी का छात्र है और परिवार में सबसे छोटा है। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

# राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज सिग्नल, अगले 4 दिन भारी पड़ेंगे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण हीटवेव का दौर शुरू हो चुका है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। रविवार को कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि चूरू, चित्तौड़गढ़ और कोटा जैसे इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया। हालात ऐसे हैं कि सड़कों की तपिश कम करने के लिए कोटा नगर निगम को पानी का छिड़काव करवाना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने सोमवार को राजधानी जयपुर सहित 6 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में आगामी दिनों में भीषण लू चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों तक प्रदेश में गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

रविवार को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन इससे तापमान पर कोई खास असर नहीं पड़ा। उमस और गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल बारिश या ठंडक के कोई संकेत नहीं हैं।

पिछले 24 घंटे में बीकानेर संभाग को छोड़कर लगभग पूरे राज्य में मौसम शुष्क और आसमान साफ रहा। झुंझुनूं, भरतपुर, अलवर और धौलपुर में लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया।

राजधानी जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह लगातार दूसरा दिन है जब पारा 40 डिग्री के पार रहा। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि सोमवार को तापमान में हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है।

जोधपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। तेज धूप के



कारण दिन के समय लोगों की आवाजाही कम रही।

कोटा में रविवार को तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के चलते लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों की तपिश कम करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव कराया।

अलवर में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यहां अगले चार दिनों तक हीटवेव चलने की चेतावनी दी है। गर्म हवाओं के कारण लोग केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं।

उदयपुर में तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शहर के बाजारों में दुकानदारों ने धूप से बचाव के लिए दुकानों के बाहर पर्दे लगा दिए हैं, खासकर फतेहसागर झील क्षेत्र में यह नजारा देखने को मिला। अजमेर में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के कारण बाजारों में चहल-पहल कम रही और हाईवे पर भी यातायात प्रभावित दिखा। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

**सीकर में तापमान 40 के पार:** सीकर में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र पर अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों में यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।

आने वाले दिन और चुनौतीपूर्ण मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है। अगले कुछ दिनों तक हीटवेव का असर बना रहेगा और तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है।

# भाजपा कैंडिडेट बनीं रेप पीड़िता की मां से टीएमसी की एक अपील, पीएम का नाम ले क्या कहा

**कोलकाता , एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को पनिहाटी से



भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रत्ना देबनाथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एक अपील की है। उन्होंने देबनाथ से कहा कि वह राष्टपति की मंजूरी के लिए लंबित अपराजिता विधेयक को जल्द से जल्द पारित करवाएं। आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद जिस महिला चिकित्सक की हत्या की गई थी, रत्ना देबनाथ उनकी मां हैं और यह मामला भी उनसे ही जुड़ा है। यह विधेयक आरजी कर की घटना के बाद सितंबर 2024 में बंगाल विधानसभा में पास किया गया था। इसके तहत रेप के मामलों की जांच 21 दिन में पूरी करने का प्रावधान है। इसके अलावा फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करके दोषी को फांसी की सजा देने का भी प्रावधान किया गया है। हालांकि विधेयक को कानून बनने के लिए राष्टपति से मंजूरी नहीं मिली है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने उत्तर 24 परगना के पनिहाटी में पार्टी उम्मीदवार तीर्थंकर घोष के समर्थन में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित विधेयक दुष्कर्म के दोषियों को 50 दिनों के भीतर समयबद्ध सजा दिलाने का प्रावधान करता है। अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित हुआ था। यह विधेयक बीएनएस की कई धाराओं में बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है। इस वजह से विधेयक केंद्र और राज्य में टकराव का विषय बन गया। बीएनएस के तहत न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है जबकि इस विधेयक में मांग की गई है कि इसे बढ़ाकर आजीवन या फिर मृत्युदंड कर दिया जाए। बनर्जी ने भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा, दोषियों को माला पहनाने वाली पार्टी न्याय नहीं दिला सकती। बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त, 2024 को महिला चिकित्सक के साथ हुई वारदात का जिक्र करते हुए कहा कि तृणमूल सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर तरह की मदद का आश्वासन दिया, जिसमें अगर वे चाहें तो सीबीआई जांच भी शामिल थी।

## केबल ब्रिज पर पत्नी की तस्वीर खींच रहा था कारोबारी, मर्सिडीज ने मार दी टक्कर

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद के चेरुवु केबल ब्रिज पर रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 32 साल के एक कारोबारी की मौत हो गई। तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कार पर पश्चिम बंगाल का रजिस्ट्रेशन नंबर लगा हुआ है। मृतक की पहचान श्याम राज के रूप में हुई है, जो हफीजपेट इलाके के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, श्याम राज अपनी पत्नी के साथ रात करीब 3.15 बजे केबल ब्रिज पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की और सड़क पर खड़े होकर पत्नी की फोटो खींच रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी फुटपाथ पर खड़ी थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और रेलिंग से टकराकर पलट गई। इस हादसे में श्याम राज गंभीर रूप से घायल हो थे। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान शाम करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय कार में केवल एक ही व्यक्ति था। जांच में पता चला है कि कार किसी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

# एचआर हेड को गले लगाया-चूमा, महाराष्ट्र में टीसीएस जैसा एक और कांड; एनजीओ चेयरमैन रियाज फाजिल गिरफ्तार

**नागपुर , एजेंसी।** नागपुर के उत्तर-पश्चिम इलाके में बच्चों के लिए काम करने वाला एक एनजीओ सवालों के घेरे में आ गया है। दरअसल, एनजीओ के चीफ पर कई युवतियों ने यौन शोषण और धार्मिक दबाव सहित कई आरोप गंभीर लगाए है। इसको लेकर शनिवार की रात को मनकापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी रियाज फाजिल काजी को तुरंत गिरफ्तार भी कर लिया गया।

यह केस, टीसीएस नासिक यूनिट में कथित यौन और धार्मिक उत्पीड़न के मामले और अमरावती जिले के परतवाड़ा में हुए यौन शोषण के ठीक बाद सामने आया है। जिसमें खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, राज्य की आतंकवाद निरोधक दस्ता ने एनजीओ के बैकग्राउंड, उसके वित्तीय लेन-देन और गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाने के अपने घोषित मकसद से परे उसके संभावित संपर्कों की समानांतर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुख्य शिकायतकर्ता एक 23 साल की महिला है, जो सितंबर 2023 से एनजीओ में एडमिनिस्ट्रेशन और



एचआर हेड के तौर पर काम कर रही थी। एफआईआर के अनुसार, 18 जुलाई 2024 को उसके जन्मदिन पर, दोपहर करीब 1 बजे ऑफिस में हुए जश्न के बाद, काजी ने उसे अपने केबिन में बुलाया। वहां उसकी मर्जी के खिलाफ उसे गले लगाया, उसके माथे पर चूमा और कहा, मैं आज तुम्हें जाने नहीं देना चाहता।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नौकरी खोने के डर से वह विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि उसे बार-बार गले लगाने की कोशिशें की गई, जिसमें एक घटना ऐसी भी शामिल है जब आरोपी ने कथित तौर पर उसे गले लगाने की कोशिश करने से पहले सीसीटीवी का प्लग निकाल दिया था। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी की इन हरकतों का विरोध किया, तो उसने उसके साथ बदतमीजी से पेश आना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि जब वह अकेली होती थी, तो आरोपी उसे छूता था।

# मोटर ठीक कर रहे संविदा कर्मचारी की करंट से मौत

## खेत गीला होने के चलते दौड़ गया बिजली का करंट


मृतक का फाइल फोटो



रोते विखलते परिजन और मौके पर मौजूद विधायक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**पूरनपुर।** खेत पर सिचाई के लिए लगी बिजली मोटर को ठीक रहा संविदा कर्मी बिजली की चपेट में आकर झुलस गया। जिससे खलवली मच गई। झुलसे सविंदा कर्मचारी को नगर के एक निजी अस्पताल लाया गया। हालत में सुधार न होने पर जिला मुख्यालय रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान बिजली संविदा कर्मचारी ने दम तोड दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर आया तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर विधायक वावूराम पासबान और सपा नेता राजकुमार राजू मौके पर पहुंचे और दुख जताया। घुंघचाई थाना क्षेत्र के सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा का है। गांव निवासी दिनेश कुमार राठौर (40) बर्ष पुत्र रूपन लाल पूरनपुर बिजली डिविजन पर संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात था। गांव के बाहर उसका खेत है। सोमवार की रात करीब आठ बजे वह फसल की सिंचाई के लिए खेत पर गया था। बिजली मोटर खराब होने से वह उसको ठीक करने लगा। खेत गीला होने के चलते करंट दौड गया। जिससे संविदा कर्मचारी इसकी चपेट में आने से झुलस गया। इससे खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर परिवार के लोग मौके पर दौड पडे। आनन फानन में झुलसे संविदा कर्मचारी को उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां हालत में सुधार ना होने पर उसको जिला मुख्यालय के लिए रेफर किया गया। जहां उसने इलाज के दौरान दम तौड दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही घुंघचाई पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर बिजली बिभाग के एक्सीएन हरेंद्र सिंह व मृतक के साथी घर पहुंचे,और परिवार के लोगों को ढाढंस बंधाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौके पर पहुंच गईं। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना से परिवार में चीत्कार मची हुई। जिनका रो रो कर बुराहाल है। मृतक के तीन बच्चे है। जिसमे 17 वर्षीय पुत्री रोशनी देवी,दस साल का पुत्र शिवम और आठ साल का विभांशु और पत्नी सुशीला देवी है। मृतक परिवार के भरण-पोषण की पूरी जिम्मेदारी बच्चों और पत्नी पर छोड़ गया। बच्चों के सिर से पिता और पत्नी के सिर से पति का साया हट जाने से परिवार का भरण पोषण कैसे होगा इसको लेकर बच्चे और पत्नी दहाड़े मार मार कर रो रही है। सूचना मिलने पर भाजपा विधायक वावूराम पासबान मृतक के घर पहुंचे,परिजनों को ढांढस बंधाया और हर सम्भव सहायता दिलाने का परिवार को आश्वासन दिया। इसके बाद सपा नेता राजकुमार राजू पहुंचे और घटना पर दुख जताया। एक्सीएएन हरेंद्र सिंह ने बताया एक संविदा कर्मचारी कि करंट से मौत हुई थी। मौके पर गया था। मृतक के परिवार को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी।

## मुख्य मार्ग बना तालाब, 20 साल से मरम्मत नहीं—ग्रामीणों का निकलना दूभर


गांव उमरिया के पास बना तालाब ग्रामीणों को हो रही निकालने में दिक्कत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बीसलपुर।** बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांव उमरिया का मुख्य मार्ग बदहाल होकर तालाब में तब्दील हो गया है। सड़क पर हर समय गंदा पानी भरा रहने से ग्रामीणों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, यह मार्ग करीब 20 साल पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाया गया था, लेकिन तब से अब तक एक बार भी इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। सड़क की जर्जर हालत के कारण पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है, जिससे गंदा पानी जमा रहता है। सड़क के पास रहने वाले लोगों को बदबू और गंदगी से परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं राहगीरों और स्कूली बच्चों को रोजाना इसी रास्ते से गुजरना मजबूरी बना हुआ है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जल्द सड़क की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## जनगणना-2027 के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित, टोल फ्री नंबर जारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय जनगणना सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। इसका टोल फ्री नंबर 05882-254116 जारी किया गया है, जो जनगणना कार्य पूर्ण होने तक लगातार कार्य करेगा। जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देश पर कंट्रोल रूम को दो पालियों में संचालित किया जाएगा। प्रथम पाली (सुबह 10 से शाम 5 बजे) के नोडल अधिकारी जिला पंचायतराज अधिकारी रोहित भारती तथा द्वितीय पाली (शाम 4 से रात 10 बजे) के नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी को बनाया गया है। विभिन्न तिथियों के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों को अवकाश नहीं मिलेगा और अनुपस्थित रहने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। सभी शिकायतों का रजिस्टर में अंकन कर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका निस्तारण कराया जाएगा। जनगणना से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु तहसील, नगर पालिका व नगर पंचायतों से प्राप्त शिकायतों का नियमित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। नोडल अधिकारी प्रतिदिन शिकायतों का विवरण जनगणना सेल को उपलब्ध कराएंगे।

## हीटवेव के चलते स्कूल समय बदला, सुबह 7:30 से दोपहर 1:30 तक संचालित होंगे विद्यालय

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए जनपद के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने बताया कि अब सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रातः 7:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक संचालित होंगे। छात्र-छात्राएं सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विद्यालय में रहेंगे। प्रार्थना सभा/योगाभ्यास 7:30 से 7:40 बजे तक तथा मध्यावकाश 10:00 से 10:15 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिक्षक एवं अन्य स्टाफ सुबह 7:30 बजे से 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्य करेंगे। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## दिव्यांगजनों के लिए दुकान निर्माण व संचालन योजना लागू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के पुनर्वास के लिए दुकान निर्माण एवं संचालन योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत लाभार्थियों को दुकान निर्माण के लिए ?20,000 तथा संचालन के लिए ?10,000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसमें 25 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में तथा 75 प्रतिशत राशि 4 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पर ऋण के रूप में प्रदान की जाती है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि योजना का लाभ वही दिव्यांगजन ले सकते हैं जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो, वे जनपद पीलीभीत के निवासी हों और उनकी आय निर्धारित सीमा के भीतर हो। साथ ही आवेदक के खिलाफ कोई आपराधिक या आर्थिक मामला दर्ज न हो तथा दुकान निर्माण हेतु कम से कम 110 वर्ग फुट भूमि उपलब्ध हो। इच्छुक पात्र आवेदक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विकास भवन, कक्ष संख्या-1 स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## बिना किसान आईडी के भी होगा गेहूं क्रय, जिले में 123 खरीद केंद्र संचालित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि किसानों का गेहूं अब बिना किसान आईडी के भी खरीदा जाएगा। साथ ही किसान पंजीकरण सत्यापन की प्रक्रिया पूर्व वर्षों की तरह शुरू कर दी गई है, जिसमें राजस्व व चकबंदी गांवों का सत्यापन संबंधित अधिकारियों के लॉगिन के माध्यम से किया जाएगा। जिले में गेहूं खरीद के लिए कुल 123 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें खाद्य विभाग के 30, पीसीएफ के 21, पीसीयू के 26, यूपीएसएस के 26, भारतीय खाद्य निगम के 7 तथा नैफेड के 13 केंद्र शामिल हैं। सभी केंद्रों पर पर्याप्त बोरे उपलब्ध कराए जा चुके हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि गेहूं बिक्री के बाद ई-पॉप मशीन पर बायोमेट्रिक सत्यापन अवश्य कराएं और ऑनलाइन पावती रसीद केंद्र प्रभारी से प्राप्त करें।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बरखेड़ा ।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। ग्राम पतरासा भट्टा के पास कार और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, 5 अप्रैल 2026 को करीब एक बजे मो. अनीस अपने साथी युसुफ के साथ बाइक से बरखेड़ा से जसोली जा रहे थे। जैसे ही वे पतरासा भट्टा के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही कार (संख्या यूपी 25 सीवी 6257) ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मो. अनीस और युसुफ दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अनीस को तत्काल सरकारी एंबुलेंस से बरखेड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल पीलीभीत रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके सिर का ऑपरेशन किया गया है। फिलहाल उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल के पिता रहमत शाह ने बताया कि बेटे के इलाज में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके। अब उन्होंने थाना बरखेड़ा में तहरीर देकर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बिलसंडा के कमल पार्क का एक करोड़ से जल्द होगा कायाकल्प

### रंगीन फव्वारे बिखेरेंगे छटा, भगवान परशुराम की लगेंगी प्रतिमा, पार्क भी नाम बदल कर रखा जाएगा परशुराम पार्क

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** नगरवासियों के लिए यह एक अच्छी खबर आई तो खुशी की लहर दौड़ गई।वर्ष 1995 में बना नगर का एकमात्र कमल पार्क जो कि बिना देखभाल के कूड़े कचरे और आवारा पशुओं का अड्डा बन चुका है।अधिकांश रेहड़ी वालों ने पार्क के अंदर अतिक्रमण कर रखा है।लेकिन अब इस पार्क के दिन बहुरने वाले हैं। चेयरमैन के मुताबिक तकरीबन एक करोड़ की लागत से नगर के प्रमुख तिराहे पर मौजूद कमल पार्क का जल्द ही कायाकल्प होने वाला है।यहां भगवान परशुराम की बड़ी मूर्ति के साथ पानी का फव्वारा और रंग-बिरंगी रोशनी के बीच झरने रात को अलग ही छटा बिखेरेंगे। गत सोमवार को नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में चेयरमैन डीके गुप्ता ने बताया कि नगर के विकास के लिए वह पहले से ही प्रयासरत हैं।इसके लिए वह दो बार लखनऊ में मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं।उन्होंने बताया कि नगर में आने वाले मुसाफिरों के लिए पार्क का निर्माण और पर्यटन स्थल बनाना मेरा एक सपना था,जो अब पूरा होने वाला है।कहा,तकरीबन एक करोड़ रुपयों की लागत से कमल पार्क का निर्माण कराया जाएगा।पार्क में लोगों के घूमने,व्यायाम करने के साथ-साथ बच्चों के लिए झूले, फव्वारे,रंगीन झरने और ओपन जिम भी बनवाया जाएगा ।साथ ही पार्क के बीचों-बीच भगवान परशुराम की प्रतिमा भी लगवाई जाएगी।


चेयरमैन डीके गुप्ता

> भाजपा सरकार में किसी से भेदभाव नहीं ,बल्कि सभी वर्गों का हित हो रहा है।बहुत जल्द ही नगर का कायाकल्प होने वाला है।कमल पार्क तिराहा नगर की पहचान बनेगा।यहां रंग-बिरंगे झरने और फव्वारे अपनी अनोखी छटा बिखेरेंगे। यह पार्क अब परशुराम पार्क के नाम से जाना जाएगा, और भगवान परशुराम की बड़ी मूर्ति भी स्थापित कराई जाएगी।
>
> **डीके गुप्ता**
> **चेयरमैन बिलसंडा**

## शेरपुर कला में भीषण आग से गेहूं व गन्ने की फसल राख, फायर ब्रिगेड की देरी पर किसानों में रोष


शेरपुर कला में खेतों में आग लगने से फसल राख हो गयी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**शेरपुरकलां।** कस्बे के लैबड़ा तालाब के नजदीक किसानों के खेतों में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे गेहूं की खड़ी फसल के साथ-साथ बीज के लिए तैयार गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व प्रधान हाजी रियाजत नूर खान ने तुरंत प्रशासन को फोन के माध्यम से अवगत कराया। लेकिन किसानों का आरोप है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी काफी देर से मौके पर पहुंची, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय किसानों ने आपसी सहयोग और कड़ी मशक्कत के बाद बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। किसानों ने फायर ब्रिगेड की देरी पर नाराजगी और रोष व्यक्त किया। जब तक दमकल टीम पहुंची, तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। बाद में फायर ब्रिगेड ने खेतों की मेड़ पर खड़े पेड़ों में लगी आग को बुझाने का कार्य किया। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। राजस्व विभाग से लेखपाल गौस मोहम्मद अपनी टीम के साथ पहुंचे और नुकसान का सर्वे कर आकलन किया। उन्होंने प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस आग की घटना में इसारत नूर खान, मोहम्मद मियां, गुड्डू खान, इजाजत नूर खान सहित दर्जनों किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ। घटना के समय गांव के कई गणमान्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में इंटर तक की क्लासेज की मांग

### क्लासेस संचालित होने से बालिकाओं को मिलेगा अधिक लाभ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** ग्राम पंचायत तिलछी के कंपोजिट विद्यालय परिसर में दर्जन भर से अधिक बने अतिरिक्त कक्षों में इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित कराए जाने की प्रधानों ने पुनः मांग उठाई है। इस बाबत तिलछी के अलावा क्षेत्र के कई प्रधानों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से गुहार की है। प्रधानों का कहना है कि इंटरमीडिएट की कक्षाएं संचालित होने से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के बच्चों को माध्यमिक शिक्षण सुविधा आसानी से मुहैया हो सकेगी। बता दें कि ग्राम पंचायत तिलछी, बिलासपुर एवं चपरौआ कुइयां के प्रधानों का कहना है कि क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांवों के बच्चों को हाई स्कूल एवं इंटर की शिक्षा ग्रहण करने के लिए नगर के कॉलेज में जाने के लिए खासी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में खासकर बालिकाओं को लोग आठवीं क्लास तक पढ़ाई कराने के बाद घर बैठा लेते हैं। अगर इन गांवों के नजदीक इंटर की क्लासेस संचालित होने लगेंगी, तो निश्चित रूप से इसका फायदा खासकर बालिकाओं को अधिक मिलेगा। प्रधानों का यह भी कहना है की ग्राम पंचायत तिलछी के कंपोजिट विद्यालय परिसर में दर्जन भर से अधिक अतिरिक्त कक्ष रिक्त पड़े हैं। ऐसे में हाई स्कूल एवं इंटर की क्लासेस संचालित करने की अगर अनुमति मिल जाती है, तो बच्चों को राहत मिलेगी। उधर प्रधान जैकब बेगम, मोहम्मद रफी एवं महेंद्र बाबू ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मांग की है।

## एडीजी के आदेश पर करेली एसओ के खिलाफ एएसपी ने शुरू की जांच

### ग्राम पंचायत सदस्य को रंगदारी के आरोप में जेल भेजने का मामला ,कोर्ट में बाद दायर करने के बाद एडीजी से शिकायत कर की न्याय की गुहार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**
**बिलसंडा।** ग्राम पंचायत करेली के सदस्य की शिकायत पर तहसीलदार ने जिन लोगों पर परती की जमीन पर किए गए अतिक्रमण से बेदखल करने और 2,55 लाख रुपयों का जुमार्ने से दंडित किया। करेली पुलिस ने उन्हें अतिक्रमण कारियों की शिकायत पर ग्राम पंचायत सदस्य को रंगदारी के आरोप में जेल भेज दिया। इतना ही नहीं जमानत पर छूट कर आने के बाद करेली पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर चालान कर दिया । पुलिस की मनमानी के विरोध में सदस्य ने करेली थानाध्यक्ष एवं हल्का दरोगा को पार्टी बनाते हुए कोर्ट में वाद दायर तो किया ही, साथ ही एडीजी से की गई शिकायत पर एएसपी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिससे संबंधित लोगों में खलबली मच गई है। बता दें कि ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा की शिकायत पर तहसीलदार द्वारा जांच की गई थी, जिसमें सरकारी जमीन पर आरोपी सर्वेश मिश्रा एवं उनके परिजनों द्वारा किए गए अतिक्रमण की पुष्टि हुई। जिस पर तहसीलदार ने आरोपी पर 2 लाख 55 हजार का जुमार्ना लगाया था। बताते हैं कि इसके अलावा तहसीलदार में निष्पादन शुल्क के रूप में 1000 रुपए अतिरिक्त का भी जुमार्ना लगाया था। इसी मामले से आरोपी ग्राम पंचायत सदस्य से रंजिश मानने लगे थे, और फर्जी मुकदमे में फसाने का पहले भी कई बार प्रयास किया। आरोप है कि पिछले महीने 10000 मांगने का फर्जी आरोप लगाते हुए करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि उस वक्त उस पर हुए हमले के मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे रंगदारी का फर्जी मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। इतना ही नहीं जमानत पर छूट कर गांव वापस आते ही पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर चालान कर दिया। ग्राम पंचायत सदस्य ने रंगदारी के मुकदमे को चुनौती देते हुए पहले कोर्ट में वाद दायर किया। जिसमें उसने आरोपी सर्वेश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, करेली थाना अध्यक्ष विपिन शुक्ला एवं हल्का दरोगा नरेश कुमार को पार्टी बनाया। जिस पर कोर्ट ने मामले से संबंधित पत्रावली तलब की। कोर्ट में बाद दायर करने के बाद पीड़ित ने एडीजी से मामले की शिकायत की। जिस पर उन्होंने एसपी से जांच रिपोर्ट तलब कर ली। बताते हैं कि एडीजी के आदेश पर एएसपी ने मामले की जांच शुरू कर दी, इतना ही नहीं उन्होंने पीड़ित को बुलाकर ब्यान भी दर्ज कराए। जिसको लेकर संबंधित लोगों में खलबली मच गई है। उधर पुलिस द्वारा जितनी जल्दबाजी में मुकदमा दर्ज किया, और उतनी ही जल्दी में गिरफ्तारी कर ग्राम पंचायत सदस्य को जेल भेज दिया। जिस पर शुरू से ही सवालिया निशान उठ रहे हैं।

CMYK

# धरनारत भाकियू नेताओं के खिलाफ बीडीओ ने दर्ज करायी प्राथमिकी

## पुलिस ने टेंट उखाड़कर आधा दर्जन पदाधिकारियों को भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** विकासखंड परिसर में कई दिनों से चल रहे भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी गुट के धरना-प्रदर्शन पर सोमवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। प्रदर्शनकारियों द्वारा ब्लॉक गेट पर ताला जड़ने और सीडीओ का पुतला दहन करने के बाद देर रात बीडीओ ने डेढ़ दर्जन से अधिक कार्यकताओं के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करायी। जिसके बाद पुलिस ने प्रान्तीय उपाध्यक्ष सहित आधा दर्जन कार्यकताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए धरनास्थल पर लगा टेंट उखाड़कर फेंक दिया। भाकियू कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में धरना दे रहे थे। कार्यकताओं की मांगें गेहूं खरीद,बिजली विभाग तथा स्वास्थ्य और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से जुड़ीं थीं।सोमवार को उस समय प्रदर्शन उग्र हो गया जब


कोतवाली में मौजूद पुलिस के साथ भारतीय किसान यूनियन के नेता

कार्यकताओं ने ब्लॉक के मुख्य द्वार पर ताला जड़कर प्रवेश को बाधित कर दिया। इसके बाद सीडीओ का पुतला फूंकते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश ने देर रात पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भाकियू के प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर दयाल कठेरिया, मंडल अध्यक्ष सबील हसन खां, हरीराम वर्मा, गुलजार सिंह सहित करीब डेढ़ दर्जन कार्यकताओं के खिलाफ गुटबंदी, सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम की गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। जिसके बाद पुलिस ने धरनास्थल पर दबिश देकर मुनेश्वर दयाल कठेरिया निवासी रौसर कोठी, सबील हसन निवासी कोरोंकुइयां, गुलजार सिंह निवासी चंदपई, राजू गुप्ता निवासी पीरताला, रामभजन और मिथुन निवासीगण ग्राम महासिर को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार दोपहर सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा पुलिस ने धरनास्थल पर लगे टेंट को हटवाकर धरना पूरी तरह समाप्त करा दिया गया। ब्लॉक परिसर में सुरक्षा की दृष्टि पुलिस तैनात की गयी है। घटना की विवेचना सीओ पुवायां प्रवीण मलिक को सौंपी गयी है।प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि बीडीओ द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के बाद आधा दर्जन कार्यकताओं को जेल भेजा गया है। बीडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि वह कार्यकताओं का मांगपत्र लेने के लिए धरनास्थल पर गए थे। लेकिन कार्यकताओं द्वारा अभद्रता करते हुए परिसर में उपद्रव कर सरकारी कार्य में बाधा डाली गयी।

# दून्दपुर बना चर्चा का केंद्र, लग्जरी गाड़ियों और अचानक बढ़ी दौलत ने खड़े किए सवाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आसफपुर, बदायूं।** थाना क्षेत्र का दून्दपुर गांव इन दिनों अचानक बढ़ी संपन्नता और संदिग्ध आर्थिक गतिविधियों को लेकर चर्चा का मुख्य केंद्र बन गया है। गांव में बीते दो-तीन वर्षों के भीतर जिस तेजी से कुछ लोगों की आर्थिक स्थिति बदली है, उसने पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाओं को जन्म दे दिया है। दून्दपुर में पहले छोटे-मोटे काम–जैसे साइकिल पंचर जोड़ना, नल मरम्मत करना या फेरी लगाकर फल-सब्जी बेचना–करने वाले कुछ लोग अब महंगी लग्जरी गाड़ियों में घूमते नजर आ रहे हैं। गांव की गलियों में जहां पहले साइकिल और मोटरसाइकिल ही आम थीं, वहीं अब कई घरों के बाहर चार पहिया महंगी गाड़ियां खड़ी दिखाई देती हैं। इतना ही नहीं, इन लोगों ने कम समय में बड़े-बड़े पक्के मकान भी खड़े कर लिए हैं, जिनकी कीमत लाखों से लेकर करोड़ों तक आंकी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दून्दपुर में यह बदलाव सबसे ज्यादा स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। जिन परिवारों के पास पहले सीमित संसाधन थे, वे अचानक आर्थिक रूप से काफी मजबूत हो गए हैं। इस तेज बदलाव ने गांव के सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित किया है। जहां एक ओर मेहनतकश परिवार आज भी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ घरों में तेजी से बढ़ती समृद्धि लोगों के लिए कौतूहल और चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि, इस अचानक आई संपन्नता के पीछे के कारणों को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ लोग इसे बाहरी संपर्क और बड़े आर्थिक नेटवर्क से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि कई ग्रामीण खुलकर कुछ भी कहने से बचते नजर आते हैं। बावजूद इसके, गांव में अंदरखाने इस मुद्दे पर लगातार चर्चा जारी है। दून्दपुर के अलावा ढोरनपुर और भूड़ बिसौली जैसे आसपास के गांवों में भी ऐसे ही कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन सबसे ज्यादा बदलाव दून्दपुर में ही देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि यह गांव पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि इतनी कम अवधि में इस स्तर की आर्थिक उछाल सामान्य नहीं है और इसकी गहराई से पड़ताल की जरूरत है। फिलहाल, दून्दपुर में तेजी से बदलते हालात ने पूरे इलाके का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है और लोग आने वाले समय में इसके पीछे की सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

# सरकारी टंकी भी नहीं सुरक्षितः जल जीवन मिशन केंद्र से बैटरी व उपकरण चोरी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आसफपुर, बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पहाड़पुर में जल जीवन मिशन की पानी की टंकी से अज्ञात चोर बैटरी व जनरेटर से जुड़े उपकरण चोरी कर ले गए। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है और जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। टंकी ऑपरेटर श्याम सिंह ने पुलिस चौकी आसफपुर को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की रात उसके परिवार में शादी समारोह था। देर रात जब वह टंकी की देखरेख के लिए पहुंचा तो ऑपरेटर कक्ष और जनरेटर रूम के ताले टूटे पड़े थे। अंदर रखा दो बड़े बैटरे, एक छोटा बैटरा, इनवर्टर व अन्य जरूरी उपकरण गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। पीड़ित व ग्रामीणों ने मिलकर देर रात तक आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित के अनुसार चोरी गए उपकरणों की कीमत हजारों रुपये में है, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और गांव की पेयजल आपूर्ति बाधित होने की आशंका भी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से रात्रि गश्त प्रभावी नहीं है, जिसके चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बढ़े हुए हैं। इस घटना के बाद लोगों में पुलिस व्यवस्था को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और घटना का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अब सोलर लाइट से जगमगाएगा स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली

## सीएचसी सिंधौली को मिला 20 किलोवाट का सोलर प्लांट ,राज्य सभा सांसद मिथलेश कुमार ने किया उद्घाटन

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली को 20 किलो वाट का सोलर प्लांट मिला है। मंगलवार को सोलर प्लांट का उद्घाटन राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा की उपस्थिति में फीता काटकर किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली ग्रामीण क्षेत्र की सप्लाई होने के कारण कुछ समस्याएं बनी रहती थी। इसके कारण आ रही दिक्कतों को समझते हुए सांसद मिथिलेश कुमार द्वारा 20 किलो वाट का सोलर पैनल उपलब्ध कराया गया। सांसद द्वारा मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए यह पुनीत कार्य किया गया। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक मिश्रा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जफर सैफी की उपस्थिति में लगाए गए सोलर प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन सांसद द्वारा किया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा की बिजली पानी हमारी प्राथमिक जरूरत है और फिर अस्पताल में बिजली 24 घंटे आनी चाहिए देहात क्षेत्र होने के कारण इस समस्या से अवगत हूं और मरीजों की सुविधा सहूलियत को देखते हुए उनके द्वारा यह प्लांट सिधौली अस्पताल को उपलब्ध कराया गया। उन्होंने यह भी कहा की सरकार की योजना के तहत सोलर पैनल को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि हम ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग अच्छे से कर सके। इससे पहले सांसद का स्वागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जफर सैफी द्वारा किया गया। सोलर प्लांट के उद्घाटन के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को फूलों से सजाया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विवेक मिश्रा ने कहा कि यह गर्व की बात है इतने अच्छे जनप्रतिनिधि हम लोगों को मिले हैं जो जनता की भावनाओं को समझ कर उनकी सेवा के लिए इस तरह के प्रयास कर रहे हैं और फलीभूत होकर धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग से हमें परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसके लिए उन्होंने सांसद का धन्यवाद किया इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पति भाजपा नेता मुनेश्वर दयाल सहित ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अशोक दीक्षित, डॉ विनय कुमार, डॉक्टर सलोनी टंडन, संदेश गुप्ता ,मसूद हसन, मोहम्मद अली, चंद्रेश श्रीवास्तव ,सौरभ गंगवार, सुबोध दीक्षित सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# फरार युवती को पुलिस ने किया बरामद

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी।जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर युवती को बरामद कर लिया। जानकारी लगने पर परिवार के लोग पहुंचे।पुलिस ने बताया युवती को बरामद कर लिया गया है।

# मजार से नगदी और सामान चोरी का आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के नरायनपुर हाईवे के किनारे हजरत जिंद बाबा की मजार है। मजार के सिकरेट्री ढका निवासी इरशाद ने वताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने रात्रि के दौरान मजार से गोलक तोड कर हजारो की नगदी और सामान चोरी कर लिया। सामान और नगदी गायब देख होश उड गए। जिससे खलवली मच गई। सूचना पर बडी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने वताया मामले की सूचना पर जांच शुरू कर दी गई है।

# प्लाटिंग माफियाओं ने रातों-रात काट दिए हरे भरे पेड़

## पेड़ों को काटने के बाद शुरू कर दिया गया प्लाटिंग काम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** प्रदेश सचिव, ओबीसी महासभा के प्रदेश सचिव पूर्व सांसद प्रतिनिधि संतराम विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि पूरनपुरझखुटार हाईवे,पूरनपुरझबंडा हाईवे, पूरनपुरझमाधोटांडा, पूरनपुरझकलीनगर तथा अन्य प्रमुख सड़कों के दोनों ओर प्लाटिंग माफियाओं द्वारा रातों-रात सैकड़ों हरे-भरे वृक्षों को अवैध रूप से काट किया जा रहा है। वृक्षों को काटने के तत्काल बाद उन स्थलों पर अवैध प्लाटिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व सांसद वरुण गांधी व मेनका गांधी के प्रयासों से इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कराया गया था। जिससे पर्यावरण संतुलन बना हुआ था। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण कार्य कराया जाता रहा है। लेकिन वर्तमान में भूमाफियाओं द्वारा उन वृक्षों को नष्ट कर दिया गया है। जिससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुँच रही है। यह कृत्य न केवल हरित आवरण को कम कर रहा है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, भू-कटाव और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। साथ ही सरकार के राजस्व को भी क्षति पहुँचाई जा रही है। उन्होंने मांग कि है कि स्थलों की तत्काल जाँच कराकर दोषी प्लाटिंग माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। अवैध प्लाटिंग पर तत्काल रोक लगाकर संबंधित भूमि को पुनः हरित क्षेत्र घोषित किया जाए। काटे गए वृक्षों के स्थान पर दोगुने वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाए एवं उसकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। भविष्य में सड़क किनारे वृक्षों की सुरक्षा हेतु संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ।

# बेमौसमी हुई बारिश से गेहूँ की फसल की क्वालिटी प्रभावित

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**कलीनगर।** भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि बेमौसमी बरसात होने से गेहूँ की फसल की क्वालिटी प्रभावित हुई है। बेमौसमी बरसात से गेहूँ में लस्टर लॉस की समस्या उत्पन्न हुई। जिससे जनपद सरकारी क्रय केन्द्रों पर किसानों की गेहूं खरीद लस्टर लॉस का हवाला देकर पूर्ण रुप से बन्द कर दी गई। अब गेहूँ किसानों के आगे मुसीबतों का पहाड टूट पड़ा। और सिस्टम के आगे लाचार व बेबस किसानों को सरकारी गेहूँ खरीद केन्द्रों पर गेहू में लस्टर लॉस का पाठ पढ़ना शुरू कर दिया कि अब आप सब किसानों का गेहूँ सरकार के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नही रहा है। तथा बरसात के बाद काटे गए गेहूँ की खरीद पूर्ण रूप से गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बन्द कर दी गई और कहा गया कि लस्टर लॉस वाला गेहूँ तब तक नही खरीदा जाएगा जब तक लस्टर लॉस वाले गेहूँ की खरीद की परमीशन नही मिल जाती । अब गेहूँ किसानों के आगे न्यूनतम समर्थन मूल्य से बहुत ही नीचे बेचने के अलावा और कोई विकल्प बचा ही नही जिससे व्यापारियों, आढ़तियों व नकली बीज तैयार करने वाले संयंत्रों पर बेचने पर विवश होना पड़ रहा है।किसान बार-बार क्रय केन्द्रों पर जा कर लस्टर लॉस की परमीशन मिलने की जानकारी केन्द्र प्रभारियों ले रहें हैं।लेकिन शासन व जिला प्रशासन कहाँ पीड़ित गेहूँ किसानों की सुध लेने को तैयार नही हैं।ज्यादातर गेहूं किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (ट.र.ढ) से बंचित हो चुके।क्योंकि किसान पहले से सरकार की ढुलमुल नीतियों के आगे लाचार व बेबस हैं और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं पता नही कब लस्टर लॉस वाले गेहूँ की परमीशन मिलेगी भी या नही इस लिए गेहूँ किसान औने-पौने दामों पर मेहनत व खून पसीने व मंहगे कर्ज से तैयार की गई फसल को बेचने को मजबूर हैं।क्या जो गेहूँ किसानों को करोड़ों रूपयों का घाटा न्यूनतम समर्थन मूल्य न मिलने से हुआ उसकी भरपाई कौन करेगा। किसान की आर्थिक दशा में सुधार कैसे हो सकता है। इस बात का जबाव कौन देगा।

# पति ने पिटाई कर रात्रि में विवाहिता को मायके में छोड़ा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सिकरहाना निवासी एक महिला ने वताया कि उसकी पुत्री की शादी दस साल पहले माधौटांडा क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई थी। आरोप है कि शराब पीकर विवाहिता को आए दिन पति मारपीट कर प्रताड़ित करता रहता है। घर का सामान भी बेचकर नशा की लत पूरी कर रहा है। सोमवार की देर शाम विवाहिता का पति शराब पीकर घर आया और गाली गलौज करने लगा। उसने जब विरोध किया तो उसको लाठी डंडों से मारा पीटा। ईंट का टुकडा आंख पर मार दिया। जिससे वह घायल हो गई। आरोप है कि उसके बाद रात्रि में ही उसका पति घायल अवस्था में उसको मायके के रास्ते पर छोंड दिया। और वापस आने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घर पहुंची महिला ने पूरी जानकारी अपने मायके वालों को बताई।मंगलवार को महिला परिवार के साथ घुंघचाई थाने पर पहुंची और पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल विवाहिता को मेडिकल के लिए भेजा है।पुलिस ने बताया मामले में घायल महिला को मेडिकल के लिए भेजा है।

# डीएम ने गांधी स्टेडियम में निमार्णाधीन हॉकी के एस्टोटर्फ खेल मैदान का किया निरीक्षण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को गांधी स्टेडियम में निमार्णाधीन हॉकी के एस्टोटर्फ खेल मैदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अन्य खेल अवस्थापना सुविधाओं को भी देखा। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश चैधरी, कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता उमेश दुबे, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, सुमित पटेल, दीपक सरकार, जगदीश सक्सेना मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के


निमार्णाधीन हॉकी के एस्टोटर्फ खेल मैदान का निरीक्षण करते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

दौरान स्टेडियम में कौन-कौन सी खेल सुविधाएं दी जा रही है इसकी जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह से ली। जिलाधिकारी ने गांधी स्टेडियम में पुराना एथलेटिक्स ट्रैक को उत्तर दक्षिण दिशा में बनाए जाने के निर्देश दिए गए। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने बताया बीच में फुटबॉल का मैदान बनाया जाएगा और उसी के निकट क्रिकेट खेल के लिए क्रिकेट मैदान तैयार किया जाएगा। खेल मैदान के चारों ओर वाकिंग ट्रेक बनाया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में सभी स्थापना सुविधाएं तैयार कर ली जाएगी, जिससे खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और जिले के खिलाड़ी खेलों में अपना प्रदर्शन बेहतर कर सकेंगे। पैदल टहलने वालों को भी दिक्कत नहीं होगी खिलाड़ी भी खेल मैदान में खेल सकेंगे।

# मलेशिया भेजने का झांसा देकर दो लोगों कर ली ठगी

## एसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन पर दर्ज किया केस

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** मलयेशिया भेजने का झांसा देकर साले-बहनोई से चार लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित को पर्यटक वीजा पर थाईलैंड भेजकर वहां से डंकी मार्ग से मलयेशिया पहुंचाया गया,जहां उसे बंधक बनाकर मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरीपुर कलां के अरबाज खां और उसके बहनोई थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव धनेगा के नसरूद्दीन ने बताया कि उसके रिश्तेदार तंजीम, अजीम ने वर्क वीजा पर उसे मलयेशिया भेजकर होटल में काम दिलाने का झांसा दिया था। रुपये तय होने के बाद उसके बाबा ने जेवरात गिरवी रखकर गांव के लोगों के सामने चार लाख रुपये तंजीम, अजीम और उसकी मां नफीस बानो को दिए। आरोपियों ने अपने भाई मुनीम के साथ उसे इसी साल तीन फरवरी को मुंबई से टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड पहुंचाया। थाईलैंड पहुंचने पर उसे टूरिस्ट वीजा की जानकारी हुई। विरोध पर उसे मलयेशिया भिजवाने का आश्वासन दिया गया। बाद में डंकी मार्ग से उसे मलयेशिया पहुंचाया गया। मुनीम के माध्यम से वहां एक होटल में बिक्री कर दिया गया। वहां उसका पासपोर्ट जब्त कर उसे बंधक बनाकर गाली-गलौज और मारपीट कर शौचालय साफ कराया गया। इसकी शिकायत मलयेशिया पुलिस से की। तब मलयेशिया पुलिस ने उसे भारत वापस भिजवाया। वीजा वापस करने को आरोपियों ने 70 हजार रुपये लिए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सेहरामऊ उत्तरी इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर व्यक्ति से ठगे रुपये

## पीडित ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** दुष्कर्म के मामले में फंसने की धमकी देकर रुपये की मांग कर व्यक्ति से धोखाधड़ी कर ठग ने हजारो खाते में ट्रांसफर करा लिए। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी छोटेलाल ने वताया कि उसका कोतवाली के पास जूता, चप्पल बनाने और बिक्री का काम खोखे पर करता हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को दोपहर उनके पास व्हाट्सएप कॉल आई। काल करने वाले की डीपी पर दरोगा का फोटो लगा था। फोटो देखकर उसने पुलिस अफसर का फोन होने की आशंका पर रिसीव किया। फोन करने वाले ने अपने को दरोगा बताया और कहा कि तुम्हारा बेटा और उसके तीन साथी दुष्कर्म के मामले में फंस गए हैं। बेटे को अभी कोतवाली तक नहीं ले गया हूं। अगर बेटे को छुड़वाना चाहते हो, तब बहुत जल्दी 70 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करा दो। बेटे से बात कराने की बात कहने पर उसने उसका मोबाइल कब्जे में होने और उसके बेटे के रोने जैसी आवाज सुनवा दी। छोटेलाल ने मांग अधिक वता कर 10-15 हजार रुपये ट्रांसफर कराने का आश्वासन दिया। छोटेलाल ने बताया कि पुत्र को बचाने को उसने आनन फानन अपने एक रिश्तेदार को बुलाकर मोबाइल से 15 हजार रुपये ऑनलाइन बताए गए नंबर पर डलवा दिए। हालांकि उसका रिश्तेदार उसे रुपये ट्रांसफर कराने से मना करता रहा। इसके बाद उससे 35 हजार रुपये की और मांग की जाने लगी। तब ठगी का अहसास होने पर उसने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने शिकायत ऑनलाइन दर्ज करने की जानकारी दी। हालांकि इस दौरान बेटे के बाद में घर में ही होने की जानकारी हुई। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रेयस ने खोला राज

## ड्रेसिंग रूम की सिक्स हिटिंग चैलेंज बनी जीत की वजह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स को 54 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 254/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके जवाब में स्स्त 200/5 ही बना सकी और मुकाबला एकतरफा हो गया।

### आर्य-कोनॉली की रिकॉर्ड साझेदारी

इस जीत के हीरो रहे प्रयांस और कूपर , जिन्होंने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की जबरदस्त साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ 13.2 ओवर में यह साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया।

### अय्यर का बड़ा बयान

मैच के बाद कप्तान श्रैयस अय्यर ने कहा, जो शॉट्स मैंने देखे, वो सच में हैरान कर देने वाले थे। खासकर तेज गेंदबाजों को बैकफुट से सीधे मारना काफी हिम्मत का काम है। जिस तरह उन्होंने मिडिल ओवर्स में साझेदारी बनाई, वह शानदार था। उन्होंने दोनों बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को टीम की सफलता की कुंजी बताया।

### ड्रेसिंग रूम की 'सिक्स हिटिंग चैलेंज'

अय्यर ने खुलासा किया कि टीम के अंदर एक मजेदार मुकाबला चल रहा है, जिसने बल्लेबाजों को खुलकर खेलने के लिए प्रेरित किया। मैंने प्रियांश और कूपर से कहा कि आईपीएल में देखते हैं कौन ज्यादा छक्के मारता है। इनाम मेरी बैट होगी। अगर टीम अच्छा कर रही है, तो मैं खुश हूं। इस हल्के-फुल्के चैलेंज ने खिलाड़ियों के अंदर आत्मविश्वास और आक्रामकता को बढ़ाया।

### टीम की रणनीति और सोच

अय्यर ने टीम की फिलॉसफी पर जोर देते हुए कहा, जब आप खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते हैं, तब वे बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हर खिलाड़ी अपनी रूटीन फॉलो करता है और वही उसे सफलता दिलाता है। हम मैच से पहले बात करते हैं, कोच रिकी पोटिंग भी कुछ अहम बातें बताते हैं, और खिलाड़ी मैदान पर उसे लागू करते हैं। उन्होंने साफ किया कि टीम में ज्यादा दबाव नहीं डाला जाता, बल्कि खिलाड़ियों को खुद को एक्सप्रेस करने की आजादी दी जाती है।

### गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई और एलएसजी को 200/5 तक ही सीमित रखा। अय्यर ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा, हमारे ज्यादातर गेंदबाज इंटरनेशनल लेवल के हैं और उनके पास काफी अनुभव है। हमने हर बल्लेबाज के लिए प्लान बनाया था, और उसे सही तरीके से लागू किया। उन्होंने यह भी कहा कि टीम को लगातार बेहतर प्रदर्शन करते रहने के लिए आत्मसंतुष्टि से बचना होगा।

### पॉइंट्स टेबल में पीबीकेएस टॉप पर

इस जीत के साथ पंजाब किंग्स पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई है और टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संतुलन टीम को इस सीजन का मजबूत दावेदार बना रहा है।

### एशियाई खेल और वेस्टइंडीज सीरीज के लिए बीसीसीआई का मास्टर प्लान तैयार

# एक साथ खेलेंगी दो भारतीय टीमें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब टी20 क्रिकेट के लिए 30-35 खिलाड़ियों का एक विशाल पूल तैयार कर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण इस साल के अंत में होने वाला शेड्यूलिंग ओवरलैप है। दरअसल, इस साल एशियाई खेल और भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज एक ही समय पर होने वाली है। ऐसे में चयनकर्ता दो अलग-अलग प्रतिस्पर्धी टीमें तैयार कर रहे हैं ताकि भारत एक ही समय में दो अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल सके। बोर्ड का मानना है कि ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखते हुए अब टीम की गहराई और लचीलेपन को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है।

इस बड़ी योजना की आधिकारिक शुरुआत जून 2026 में होने वाले आयरलैंड दौरे से होगी। आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई एक बड़ा दल भेजेगा, जिसमें मुख्य खिलाड़ियों के साथ-साथ कई नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। इस दौरे का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परखना है जो एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह प्रयोग आगामी अफगानिस्तान सीरीज और अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के लिए एक मजबूत बैकअप तैयार करने में मदद करेगा।

### इन युवा सितारों पर टिकी हैं सबकी नजरें

चयनकर्ता इस समय आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे खिलाड़ियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, प्रियांश आर्य और अंगकृष रघुवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों ने प्रभावित किया है। वहीं रजत पाटीदार और आयुष बदोनी भी अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। ऑलराउंडर विभाग में शशांक सिंह और अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ी टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, कार्तिक त्यागी और खलील अहमद जैसे नाम इस 35 सदस्यीय पूल का हिस्सा हो सकते हैं।

# बेखौफ बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को चौंका रहे हैं वैभव

### सुनील नरेन के खिलाफ वह किया जो कोहली-रोहित सालों में नहीं कर सके



**कोलकाता (एजेंसी)।** ईडन गार्डन्स में रविवार को खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बेखौफ बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत को चौंका दिया। जहां क्रिकेट के दो सबसे बड़े दिग्गज, विराट कोहली और रोहित शर्मा, सुनील नरेन की फिरकी के सामने छक्के लगाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं, वहीं वैभव ने इस मिस्ट्री को सुलझाने में सिर्फ दो गेंदें लीं। आंकड़ों पर नजर डालें तो विराट कोहली ने नरेन के खिलाफ 17 पारियों में और रोहित शर्मा ने 22 पारियों में केवल 2-2 छक्के लगाए हैं। इसके विपरीत, वैभव सूर्यवंशी ने नरेन का सामना करते हुए अपनी पहली ही पारी की दूसरी गेंद पर गगनचुंबी छक्का जड़कर इतिहास रच दिया।

### पहली ही गेंद पर प्रहार, वैभव की खास सिग्नेचर स्टाइल

वैभव सूर्यवंशी की सबसे बड़ी पहचान दुनिया के सबसे घातक गेंदबाजों की पहली ही गेंद पर बाउंड्री जमाना बन गई है। इस युवा बल्लेबाज ने जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गज की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा है, जो किसी भी बल्लेबाज के लिए एक सपने जैसा होता है। इसके अलावा उन्होंने भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, मोहम्मद सिराज और मार्को जानसेन जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों को भी अपनी पहली ही गेंद पर चौके या छक्के का स्वाद चखाया है। वैभव ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत भी शार्दुल ठाकुर की पहली गेंद पर छक्का मारकर ही की थी, जो उनके निडर स्वभाव को दर्शाता है।

# 18 नेशनल कैंप के लिए 84 खिलाड़ियों का किया ऐलान, भोपाल में होगी तैयारी

**भोपाल (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने अंडर-18 नेशनल कोचिंग कैंप के लिए कुल 84 खिलाड़ियों (42 पुरुष और 42 महिला) की घोषणा की है। यह कैंप स्पोर्ट्स ऑथीरिटी आफ इंडिया (साई) भोपाल में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन हाल ही में हुए सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### एशिया कप 2026 की तैयारी पर फोकस

यह कैंप जापान में होने वाले -18 एशिया कप 2026 की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। एक हफ्ते के मूल्यांकन के बाद 42-42



खिलाड़ियों की सूची को घटाकर 24-24 खिलाड़ियों तक किया जाएगा, जो आगे के ट्रेनिंग ब्लॉक का हिस्सा बनेंगे। यह प्रक्रिया अंतिम टीम चयन के लिए महत्वपूर्ण होगी।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मुकाबले

कैंप का सबसे खास हिस्सा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक्सपोजर सीरीज होगी, जहां भारतीय पुरुष और महिला -18 टीमें 11 से 21 मई के बीच मुकाबले खेलेंगी।

# आईपीएल में हुआ है 'काला जादू ...

### नींबू के छूमंतर करते ही शिवम दुबे OUT, पूर्व आईपीएल चेयरमैन का खुलासा, कई बार हो चुका ब्लेक जादू

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2026 के एक मैच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामने आए वीडियो के अनुसार, शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एक प्रशंसक ने कथित तौर पर काला जादू किया और उसका असर। सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2026 के एक मैच का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



सामने आए वीडियो के अनुसार, शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एक प्रशंसक ने नींबू के साथ कथित तौर पर काला जादू किया और उसका असर तुरंत दिखाई दिया। फैंस के नींबू वाले जादू के बाद, कैमरा पिच के बीचोंबीच गया और वहां जो हुआ उसने सभी को चौंका दिया। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज साकिब हुसैन ने एक तेज फुल लेंथ गेंद फेंकी और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज शिवम दुबे के स्टंप उखाड़ दिए। इस मैच में सीएसके को 10 रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा।

इसके बाद एक लेटर वायरल हुआ, जिसमें सीएसके ने बीसीसीआई को खिलाड़ियों पर काले जादू करने की शिकायत की है।

# शेयर बाजार में बढ़त के साथ क्लोजिंग; सेंसेक्स 753 अंक चढ़ा, निफ्टी 24550 के पार

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स मंगलवार को 753.03 अंक बढ़कर 79,273.33 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 211.75 अंक चढ़कर 24,576.60 पर पहुंच गया। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों ने शानदार वापसी की और एक मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे विवाद में कूटनीतिक समाधान की उम्मीदों और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी ने बाजार के प्रमुख सूचकांकों को नई ऊर्जा दी।

शुरूआती कारोबार में धीमी चाल के बाद बाजार ने तेज रफ्तार पकड़ी। बीएसई सेंसेक्स 753.03 अंकों यानी 0.96 प्रतिशत की दमदार बढ़त के साथ 79,273.33 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स 211.75 अंक या 0.87 प्रतिशत चढ़कर 24,576.60 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक प्रमुख विजेताओं में शामिल थे।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एनटीपीसी पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.75 प्रतिशत गिरकर 94.76 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

शीर्ष गेनसः निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स 2 प्रतिशत से अधिक उछलकर इस रैली का नेतृत्व कर रहा था। इसके अलावा निफ्टी रियल्टी इंडेक्स में भी 2.11 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की गई।

अन्य बढ़त वाले सेक्टरः निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.53 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी ऑटो 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,616 के स्तर पर पहुंच गया।

पिछड़ने वाले सेक्टरः इस तेजी के बीच केवल निफ्टी मेटल और निफ्टी फार्मा ही दो ऐसे सेक्टर रहे, जिन्होंने अपना सत्र लाल निशानके साथ समाप्त किया।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर. के अनुसार, निवेशकों ने मध्य पूर्व में निकट भविष्य में तनाव कम होने की उम्मीद के साथ अपना रुख तय किया है, जिससे भारतीय शेयर बाजारों ने सकारात्मक नोट पर कारोबार किया। उन्होंने बताया कि निफ्टी ने पूरे सत्र में एक स्थिर ऊपर का रुझान बनाए रखा। पोनमुडी ने यह भी स्पष्ट किया कि ऊर्जा बाजार अभी समेकन के दौर में हैं, क्योंकि कारोबारी युद्ध-विराम वार्ता को लेकर चल रही अनिश्चितता और समाधान की उम्मीदों का आकलन कर रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।